उज्जैन
बुधवार
12
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-280
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



3 ▶ 9.55 करोड़ का इलाज, 8 करोड़ रुपये जुटे

7 ▶ फुटबॉलर रोनाल्डो ने गर्लफ्रेंड जॉर्जिना से शादी की


## तेलंगाना में ट्रक-ऑटो की टक्कर

# दुर्घटना में 6 लोगों की मौत, 6 घायल

## कर्नाटक की 11 महिलाएं काम से लौट रही थीं, मृतकों में ऑटो ड्राइवर शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेलंगाना

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में मंगलवार रात ऑटो-रिक्शा और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, घटना रात करीब 8 बजे सतवार एक्स रोड पर हुई। ऑटो में ड्राइवर के अलावा 11 महिलाएं सवार थीं। सभी कर्नाटक के बीदर की रहने वाली कृषि मजदूर थीं और काम खत्म करके घर लौट रही थीं। मरने वालों में एक ऑटो ड्राइवर और 5 महिलाएं थीं।



### घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी

पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जहीराबाद और संगारेड्डी के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है।

### कार की टक्कर से रिटायर्ड आर्मी जवान की मौत

इससे पहले 10 अगस्त को तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में एक और सड़क हादसे में 47 साल के रिटायर्ड आर्मी जवान रविंदर की मौत हो गई थी जबकि दो अन्य लोग घायल हुए। पुलिस के मुताबिक, हैदशाकोट इलाके में रविंदर मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी कार ने उनकी बाइक समेत तीन दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार वश चालक की तलाश की जा रही है।

## कोलंबिया में भूकंप से 224 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बोगोटा

साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार रात आए 7.4 तीव्रता के भूकंप से अब तक 224 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 1200 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। 3000 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, देशभर में 86 इमारतें ढह गईं, जबकि 1,500 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। 18 स्वास्थ्य केंद्रों और 52 स्कूलों को भी नुकसान हुआ है। इसके अलावा 7 एयरपोर्ट पर काम रोक दिया गया है। पांच शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। राष्ट्रपति ने इमरजेंसी कमेटी की बैठक बुलाकर राहत और बचाव अभियान की निगरानी शुरू कर दी है। परेरा शहर में अकेले 60 लोगों की मौत हुई है। करीब 5 लाख की आबादी वाला यह शहर भूकंप के केंद्र से 64 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। राजधानी बोगोटा समेत कई शहरों में भी तेज झटके महसूस किए गए।

## इंदौर हाईकोर्ट के मंदिर घोषित करने के फैसले को चुनौती, मुस्लिम पक्ष ने 5 याचिकाएं लगाईं

# भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धार

मध्यप्रदेश के धार जिले की ऐतिहासिक भोजशाला से जुड़े मामले में बुधवार 12 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। यह सुनवाई इंदौर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम समाज की ओर से दायर 5 याचिकाओं पर होगी। पहले 5 और 6 अगस्त को सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी थी। दरअसल, 15 मई 2026 को इंदौर हाईकोर्ट ने भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर घोषित करते हुए हिंदू समाज को वहां रोजाना पूजा करने की अनुमति दी थी। इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने सुप्रीम कोर्ट में पांच याचिकाएं दायर की हैं।

### 14 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने दिया था अंतरिम आदेश

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 14 जुलाई को अंतरिम आदेश जारी किया था। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिए थे कि मुस्लिम समाज के लिए हर शुक्रवार जुमे की नमाज अदा करने के लिए भोजशाला के पास ही किसी खाली वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था की जाए। इसके बाद प्रशासन ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। प्रशासन ने चालीस पीर दरगाह के पास स्थित खाली जमीन पर नमाज की व्यवस्था करने की बात कही। इस जगह को समतल भी कराया गया था। मुस्लिम समाज ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताई। समाज के लोगों का कहना था कि चालीस पीर दरगाह भोजशाला से काफी दूर है। उनका कहना था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार भोजशाला से लगी खाली जमीन पर नमाज की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके बाद मुस्लिम समाज ने चालीस पीर की जगह पर जुमे की नमाज नहीं पढ़ी और फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

### 14 अगस्त को शुक्रवार आदेश पर रहेगी नजर



- बुधवार की सुनवाई के बाद 14 अगस्त को शुक्रवार है। ऐसे में प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट के 12 अगस्त के आदेश के अनुसार नमाज की व्यवस्था में बदलाव की स्थिति के लिए भी तैयारी रखनी होगी।
- शुक्रवार की नमाज को लेकर आगे की व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के आधार पर ही स्पष्ट होगी। अब सभी की नजर बुधवार को होने वाली सुनवाई पर है।

### भोजशाला के पीछे खसरा नंबर 612 की जमीन पर हो रही नमाज

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को भोजशाला के पास ही उपयुक्त खाली जगह उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रशासन ने भोजशाला के पिछले हिस्से की दाहिनी ओर स्थित खसरा नंबर 612 की जमीन को जुमे की नमाज के लिए तय किया। पिछले दो शुक्रवार से मुस्लिम समाज के लोग इसी जमीन पर जुमे की नमाज अदा कर रहे हैं। नमाज के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था भी की जा रही है। दोनों शुक्रवार को नमाज शांतिपूर्वक हुई।

## पान मसाला शौकीनों के लिए बड़ी खबर!

# प्लास्टिक पैकिंग बैन, अब डिब्बों में मिलेगा गुटखा

### जल्द ही बढ़ सकते हैं दाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बस वाले हों, रिक्शा वाले हों या फिर कोई और, पान मसाला खाते हुए कहीं न कहीं किसी नुक्कड़ पर आपको कोई न कोई दिख ही जाएगा। वरना पब्लिक प्लेसेस पर लगे पान मसाले धब्बे भी इस बात की गबाही देने के लिए काफी होंगे, कि इस देश में पान मसाला कितना पसंद किया जाता है। लेकिन अब इन्हीं पान मसाला खाने वाले शौकीनों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है।



भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने पान मसाला की पैकेजिंग के नियमों को बेहद सख्त कर दिया है। नए नियमों के मुताबिक, अब कंपनियों के लिए अपने प्रोडक्ट की पैकेजिंग में प्लास्टिक या अन्य सिंथेटिक चीजों का इस्तेमाल करना पूरी तरह बैन कर दिया गया है। ऋरअक के नियम का ग्राहकों पर क्या असर पड़ेगा, आइए विस्तार से बताते हैं। फसाई द्वारा लाया गया ये नया नियम 10 अगस्त 2026 से लागू माना जाएगा। पान मसाला बनाने वाली कंपनियों को अब इस बात का ध्यान रखना होगा कि कहीं वे किसी भी टाइप का प्रोडक्ट प्लाटिक के पैकेट में तो नहीं पैक कर रहीं है।

# दिवासा की परंपरा में आज भी जीवित है मालवा की संस्कृति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास की अमावस्या को मालवा में दिवासा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन शिव-पार्वती की आराधना और जलाभिषेक कर सुखद दांपत्य जीवन एवं परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है। इसे धानी मुक्का पर्व भी कहा जाता है।

पुराने समय में दिवासा पर्व पर उज्जैन के दूधतलाई क्षेत्र में भव्य मेले का आयोजन होता था। मेले में छोटे-बड़े झूले, खान-पान की दुकानें, गुब्बारे, खिलौने सहित विभिन्न प्रकार



की दुकानें सजती थीं। हरिफाटक स्थित अखाड़े में कुश्ती का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहता था, जिसे देखने दूर-दूर से कुश्ती प्रेमी पहुंचते थे।

बदलते समय के साथ दिवासा पर्व की पुरानी रौनक और परंपराएं धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं। आधुनिक दौर में नई पीढ़ी को इस पर्व के महत्व और इससे जुड़ी परंपराओं की जानकारी कम होती जा रही है। हालांकि मालीपुरा, बहादुरगंज, जयसिंहपुरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी दिवासा पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इन्हीं क्षेत्रों के लोगों के प्रयासों से मालवा की यह पारंपरिक संस्कृति और पर्व आज भी जीवित है।

# मुंबई में बिल्डिंग के 11वें फ्लोर पर आग लगी

## ढाई साल के बच्चे समेत 2 की मौत, करीब 3 घंटे छत पर फंसे रहे 15 लोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के विले पार्ले इलाके में मंगलवार रात करीब 10 बजे रिहायशी इमारत शांता भवन की 11वीं मंजिल पर आग लग गई। हदसे में ढाई साल के बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई।

हादसे में आठ लोग घायल हो गए। आग लगने के बाद करीब 15 लोग 3



घंटे तक बिल्डिंग की छत पर फंसे रहे, जिन्हें बाद में रेस्क्यू कर लिया गया। नानावटी अस्पताल के मुताबिक ढाई साल के अबीर और 23 साल की अंकिता को अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया। आग पर काबू पा लिया गया है। आग बिल्डिंग की इलेक्ट्रिकल वायरिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन, एसी यूनिट, घरेलू सामान, सोफा, बेड, फॉल्स सीलिंग और किचन के बर्तनों में फैल गई, जो लगभग 4,000 स्क्वायर फीट के एरिया में फैल गई।

# फुटबॉल खेलते समय बिजली गिरने से 2 की मौत, 8 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेघालय

मेघालय में फुटबॉल खेलते समय बिजली गिरने से मंगलवार को 2 लोगों की मौत हो गई। घटना वेस्ट खासी हिल्स जिले के मावस्नापविर गांव की है। हादसे में 8 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 3 बजे हुआ। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान 18 साल के मिकसन खशियार और 19 साल के क्लेवर्सन खशियार के रूप में हुई है। दोनों जिले के लॉवराफा गांव के रहने वाले थे।



# गिरे पेड़ को फिर खड़ा कर बचाया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गिरे हुए पेड़ को उठाकर दोबारा खड़ा करने और उसे फिर से जीवित करने का प्रयास पर्यावरण प्रेमियों ने किया। पर्यावरण प्रेमी परिवार सामाजिक सेवा संस्थान एवं वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति उज्जैन के सदस्यों ने पेड़ को संभालकर खड़ा किया और उसे दोबारा पनपने लायक बनाने का प्रयास किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि पेड़ गिर जाने का मतलब उसका जीवन समाप्त होना नहीं है। प्रयास और देखभाल से उसे



फिर खड़ा किया जा सकता है। इस पहल के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ बचाने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती और वन है तो कल है।

# देश में हर 3 में से 1 वकील फर्जी

## अब बड़े एक्शन की तैयारी, सुको ने केंद्र से जवाब मांगा, सिर्फ इलाहाबाद में हजार से ज्यादा मामले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में फर्जी वकीलों के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मंगलवार को एक याचिका पर जवाब मांगा है। इसमें कहा गया है कि फर्जी वकीलों के खिलाफ एक्शन का जिम्मा केंद्रीय जांच एजेंसी यानी सीबीआई को दी जाए। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने इसे गंभीर मुद्दा बताया। याचिका में कहा गया है कि वकालत एक अहम पेशा है। यहां अगर फर्जी लोग रहते हैं, तो इससे न्यायिक संस्था की प्रतिष्ठा का हनन होगा।

याचिका में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रमुख मनन मिश्रा के एक बयान का हवाला दिया गया है। इसमें उन्होंने कहा था



कि बार में 30 से 40 प्रतिशत वकील फर्जी हैं। यानी हर 3 में से एक वकील देश में फर्जी हैं। इनके खिलाफ सख्त एक्शन की जरूरत है। जून 2026 में बार काउंसिल के वकील प्रशांत कुमार और विपिन नायर ने सुप्रीम कोर्ट में इस डेटा को रखा था। इन दोनों का कहना था कि इस पर जल्दी ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि, यह बड़ा मुद्दा है।

### सुनवाई के दौरान ये हुआ

राजा चौधरी नामक एक वकील ने यह याचिका दाखिल है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान राजा चौधरी ने कहा कि वकालत के पेशे का दुरुपयोग किया जा रहा है। जो लोग सही में वकील नहीं हैं, वो इसके नाम पर वसूली कर रहे हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करवाई है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हां 105 वकीलों का मामला सामने आया है। याचिकाकर्ता ने इस दौरान कहा कि 1000 से ज्यादा फर्जी वकील इलाहाबाद बार में हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि इस तरह अन्य राज्यों का मामला भी है। दरअसल, कुछ दिन पहले कफील खान बनाम उत्तर प्रदेश के एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि वकालत के पेशे में माफिया लोग बैठे हैं। इन

## ट्रम्प ने माना- ईरान के डर से प्लेन बदलना पड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मान लिया है कि उन्होंने पिछले महीने तुर्किए में ईरान के डर से प्लेन बदला था। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे जिस प्लेन से ठअळड समिट में हिस्सा लेने गए थे उस पर हमले का सबसे ज्यादा खतरा था। ट्रम्प ने यह भी बताया कि उन्हें सुरक्षा कारणों से एयरपोर्ट के कैटरिंग ट्रक में बैठाकर दूसरे विमान तक ले जाया गया। ट्रम्प ने कहा- अगर कोई हमला होता तो उसी प्लेन को निशाना बनाया जाता। मैं वही करता हूं, जो सुरक्षा एजेंसियां कहती हैं। मुझे लगातार धमकियां मिलती रहती हैं। इससे पहले वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया था कि 8 जुलाई को अंकारा से रवाना होते समय ट्रम्प कैमरों के सामने बोइंग 747-8 एयर फोर्स वन में सवार हुए थे। यह विमान उन्हें कतर ने गिफ्ट किया था।

## मानसून सत्र में अबतक 12 नए बिल आए, 7 बिल दोनों सदनों से पास

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र खत्म होने में अभी दो दिन बाकी हैं। पिछले 17 दिनों की कार्यवाही में अब तक 12 नए बिल संसद में पेश किए गए हैं, जिनमें से 7 बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पास हो चुके हैं। इनमें से सिर्फ 2 बिलों पर सदन में चर्चा हुई, जबकि बाकी बिल विपक्ष के हंगामे और विरोध के बीच पारित किए गए। सत्र के दौरान संसद की कार्यवाही भी लगातार प्रभावित हुई है। 17 दिनों में लोकसभा सिर्फ करीब 16 घंटे 20 मिनट चली। वहीं राज्यसभा में 28 घंटे 50 मिनट काम हुआ। यानी दोनों सदनों की कार्यवाही तय समय के मुकाबले काफी कम रही। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि लोकसभा में सिर्फ 36 मिनट में 7 बिल पास कर दिए गए, यानी औसतन हर बिल को पास करने में करीब 5 मिनट लगे।

## गुजरातः रैगिंग से परेशान जूनियर डॉक्टर ने सुसाइड किया

**सूरत।** गुजरात में सूरत के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में पढ़ाई कर रहे फर्स्ट ईयर के रेजिडेंट डॉक्टर हर्ष पंड्या ने रैगिंग से परेशान होकर रविवार को सुसाइड कर लिया। कॉलेज के चार सीनियर अनुज महेश्वरी, दीक्षित धेवरिया, निराली वसावे और हिनाबेन भूत पर रैगिंग का आरोप लगा है। कॉलेज प्रशासन ने इन्हें 6 महीनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन्हें हॉस्टल खाली करने का भी आदेश दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को चारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई है। साथ ही एचओडी और तीन फैकल्टी सदस्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित स्टूडेंट गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) से जुड़े न्यू सिविल हॉस्पिटल के माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट में काम करता था।

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में एसडीएम-थानेदार सहित 11 होंगे अरेस्ट

**पटना।** बिहार के भोजपुर में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में आरा सीजेएम कोर्ट ने सख्त रूख अपनाया है। कोर्ट ने एनकाउंटर में शामिल बताए जा रहे 11 लोगों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने इन्हें 12 अगस्त तक गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। वारंट जारी होने के बाद पुलिस के सामने तय समय सीमा के भीतर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की बड़ी चुनौती है। इस मामले में तत्कालीन एसडीएम संजीत कुमार, तत्कालीन एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा, शाहपुर थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेश मालाकार, दरोगा अंकित आर्यन, हरिश्चंद्र कुमार, एसटीएफ जवान अक्षय कुमार, विकास कुमार और एएसआई रमाशंकर यादव समेत अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं. इनमें एसटीएफ जवान अक्षय कुमार की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है।

## सुको के आदेश के बाद महाराष्ट्र में हाइवे के किनारे अब नहीं खुलेंगे ढाबे

**मुंबई।** राजस्थान के फलोदी में 2025 में हुए सड़क हादसे के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद महाराष्ट्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के राइट ऑफ वे (आरओडबलू) के भीतर किसी भी नए ढाबे, भोजनालय या व्यावसायिक ढांचे के निर्माण अथवा संचालन पर रोक लगा दी। जिला कलेक्टरों को 60 दिनों के भीतर सभी नए और मौजूदा अनधिकृत ढांचों को हटाने या ध्वस्त करने के निर्देश दिया गया है। सरकार के सरकारी संकल्प के मुताबिक, कोई भी विभाग, प्राधिकरण या स्थानीय निकाय हाईवे के सुरक्षा क्षेत्र में आने वाली जगहों के लिए एनएचएआई या लोक निर्माण विभाग की पूर्व मंजूरी के बिना कोई लाइसेंस, एनओसी या व्यापारिक अनुमति जारी या उसका नवीनीकरण नहीं कर सकेगा।

## सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति असद को फांसी की सजा

**दमिश्क।** सीरिया की एक अदालत ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनके छोटे भाई माहेर अल-असद को फांसी की सजा सुनाई। दोनों को गृहयुद्ध के दौरान लाखों लोगों की हत्या और अत्याचार के मामलों में दोषी ठहराया गया। इसी मामले में बशर अल-असद के मामा के बेटे अतीफ नजीब को भी फांसी की सजा सुनाई गई। बशर और माहेर दिसंबर 2024 में सरकार गिरने के बाद रूस भाग गए थे। पुतिन सरकार ने उन्हें शरण दी हुई है। दोनों की गैरमौजूदगी में सजा सुनाई गई।




## खबर एक नजर...

### एफसीआरए संशोधन बिल पास होने से संघीय लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी सुरेंद्र सांखला ने संसद में एफसीआरए संशोधित बिल पास होने का स्वागत किया है। सुरेंद्र सांखला ने कहा कि इस कठोर संशोधन से देश में विदेशी फंडिंग की गैर-कानूनी गतिविधियों पर रोक लगेगी। सुरेंद्र सांखला ने कहा कि एफसीआरए कानून भारत के संघीय लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए एफसीआई की आड़ में विदेशी फंड का इस्तेमाल करने का जरिया बन गया था। गरीब, मजदूर, बेसहारा, शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर लिया जाने वाला विदेशी पैसा संवैधानिक कार्यों के बजाय गैर-कानूनी कामकाज में खर्च किया जा रहा था। सुरेंद्र सांखला ने कहा कि नए संशोधन में संस्थाओं को मिलने वाली स्पष्ट अनुमति, व्यक्तिगत अनुदान और अनुदान के बाद की अनुमतियों पर भारत सरकार का नियंत्रण आवश्यक रूप से निर्धारित किया गया है। यह प्रावधान भारतीय राष्ट्रीयता और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।

### ढाबा रोड का नाम श्रीजी मार्ग करने की उठी मांग

**उज्जैन।** शहर के ढाबा रोड का नाम बदलकर श्रीजी मार्ग करने और रोटरी पर वल्लभ स्तंभ बनाने की मांग की गई है। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में इस संबंध में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवींद्र सिंह सोलंकी, विधायक कालूहेड़ा और समाजसेवी नारायण यादव को ज्ञापन सौंपा गया है। संस्था की ओर से मुख्यमंत्री को भी इस मांग का ई-मेल भेजा गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि उज्जैन धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं की पावन नगरी है तथा ढाबा रोड क्षेत्र का धार्मिक एवं सामाजिक महत्व अत्यंत विशेष है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वैष्णव श्रद्धालु और आम नागरिक श्रीनाथजी एवं गोवर्धन नाथ जी के दर्शन के लिए आते हैं। जन भावनाओं और वल्लभ संप्रदाय के अनुयायियों की आस्था को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान ढाबा रोड का नाम परिवर्तित कर श्रीजी मार्ग रखने का निवेदन किया गया है। इसके साथ ही मार्ग पर वल्लभाचार्य महाप्रभु जी के पवित्र तिलक स्वरूप वल्लभ स्तंभ का निर्माण कराने की मांग की गई है, जिससे यह मार्ग धार्मिक पहचान प्राप्त कर सके और उज्जैन की आध्यात्मिक विरासत को और अधिक प्रतिष्ठा मिल सके। मांग पत्र में श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर, सहसंयोजक आनंद पुरोहित, अमित नागर, नूपुर नीमा, नंदकिशोर माहेश्वरी, समन्वयक राजेंद्र शाह, विशाल नीमा, हेतल शाह और मोहन हिंगोले के नाम शामिल हैं।

### बाल अधिकारों की पैरवी करेंगे उज्जैन के वकील आदेश शिंदे

**उज्जैन।** शहर के वकील आदेश शिंदे का यूनिसेफ और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली (एनएलयूडी) की प्रतिष्ठित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन लिटिगेशन फेलोशिप में चयन हुआ है। एक कड़ी प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए आदेश अब इस फेलोशिप के तहत पॉक्सो एक्ट और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट से जुड़े मामलों में न्यायालयों के समक्ष प्रभावी पैरवी करेंगे और बच्चों को विधिक सहायता प्रदान करेंगे। आदेश वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ और उज्जैन जिला न्यायालय में एडवोकेट के रूप में कार्यरत हैं। देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा तथा बाल न्याय प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस फेलोशिप की शुरूआत की गई है। गत शनिवार को इंदौर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित रीजनल कॉन्फ्रेंस ऑन लीगल एड में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा अन्य न्यायाधीशों की गरिमामयी उपस्थिति में इस पहल का शुभारंभ किया गया।

### ईटावा से उज्जैन पहुंची नीलकंठेश्वर महादेव कावड़ यात्रा

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण, अच्छी वर्षा और मनोकामना पूर्ति के उद्देश्य से ग्राम ईटावा के नीलकंठ मंदिर से निकली नीलकंठेश्वर महादेव कावड़ यात्रा उज्जैन पहुंच गई है। ग्राम पंचायत ईटावा के सहयोग से निकाली गई 45 किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा के श्रद्धालु मंगलवार को बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। सोमवार को ग्राम ईटावा में भ्रमण के पश्चात महिलाओं ने मंगल गीत गाकर कावड़ यात्रा को रवाना किया। मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों ने उत्साह के साथ यात्रियों का स्वागत किया। उज्जैन पहुंचने पर पाटीदार धर्मशाला और अम्बे माता मंदिर पर ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल तथा राधा कृष्ण गौशाला के संचालकों ने पुष्पवर्षा कर व दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के संयोजक मुकेश पाटीदार, राजेश पाटीदार, सुरेश पाटीदार और स्वयं प्रकाश पाटीदार रहे। पाटीदार परिवार द्वारा यात्रियों के लिए रात्रि विश्राम और भंडारे की व्यवस्था की गई। दर्शन पाटीदार ने बताया कि यात्रा व्यवस्थापक शिवनारायण नाहर, सुरेश पाटीदार, जगदीश अमृतिया, गौरीशंकर गढ़िया, मिथिलेश नगर, सत्यप्रकाश पाटीदार, एडवोकेट चेतन पाटीदार और पवन पाटीदार रहे। कावड़ यात्रा में मुख्य रूप से पूनम चंद, दौलत राम, ओम प्रकाश, भारत सिंह, राहुल गिरी, राजीव सक्सेना, प्रवीण नायक, ईश्वर चौधरी, तुषार देव, पुरुषोत्तम पाटीदार और राहुल मोदी शामिल हुए।

# हजारी हनुमान मंदिर में आज से बनेंगे सवा ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंग

### माधवाचार्य महाराज की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशाल अनुष्ठान, देशभर से जुटेंगे संत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में शिप्रा तट और मक्सी रोड पवासा स्थित हजारी हनुमान मंदिर में सावन मास के उपलक्ष्य में 12 से 19 अगस्त तक सवा ग्यारह लाख चिंतामणि पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस विशाल अनुष्ठान की शुरूआत 12 अगस्त को शिवलिंग निर्माण के साथ होगी, जबकि 13 अगस्त से प्रतिदिन रुद्राभिषेक प्रारंभ होगा।



हजारी हनुमान मंदिर पवासा के 1008 महंत काशीदास त्यागी ने बताया कि यह कार्यक्रम दाऊजी मंदिर डाकोर (गुजरात) और संकटमोचन विजय हनुमान टेकरी तपोवन मलाड़ (मुंबई) के परमाध्यक्ष जगद्गुरु टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर 1008 माधवाचार्य महाराज की अध्यक्षता में संपन्न होगा। मंदिर परिसर में 12 से 19 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का क्रम जारी रहेगा।

#### देशभर से जुटेंगे संत और महामंडलेश्वर

आयोजन में शामिल होने के लिए देशभर से संत, महात्मा, जगद्गुरु, आचार्य और महामंडलेश्वर उज्जैन पहुंचेंगे। इनके साथ ही तीनों अणी अखाड़ों, रामानंदाचार्य पीठ और सभी खालसों के महंत, त्यागी और तपस्वी भी अनुष्ठान में मौजूद रहेंगे। देशभर से आने वाले सभी संतों का आत्मीय स्वागत 108 महंत परमेश्वरदास त्यागी द्वारा किया जाएगा।

हनुमान टेकरी मलाड़ के महंत रामचन्द्रदास महाराज और दाऊजी मंदिर डाकोर के श्रीनिवासदास महाराज ने शहर के धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिवलिंग निर्माण, दर्शन और रुद्राभिषेक का पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

### श्रावण सोम प्रदोष पर श्री रणकेश्वर धाम में 121 वैदिक ब्राह्मणों ने किया महारुद्राभिषेक

उज्जैन। श्रावण माह के सोम प्रदोष पर्व पर श्री रणकेश्वर धाम मंदिर में 121 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा भव्य महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इस दिव्य अनुष्ठान के अंतर्गत 1331 रुद्र पाठ के माध्यम से महादेव का सहस्त्रधारा से सतत अभिषेक किया गया।पूजन के दौरान भगवान शिव को विशेष रूप से 144 प्रकार की विभिन्न सामग्री अर्पित की गई। रुद्राभिषेक के उपरांत सभी यजमानों ने पारंपरिक वेशभूषा में पंच कुंडी महायज्ञ में शामिल होकर पूणार्हुति दी। महायज्ञ के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया और ब्राह्मण भोज संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में मंदिर समिति के सभी सदस्यों सहित अनेक यजमानों ने भाग लिया और महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## नेपाल में चीन को हराकर उज्जैन की बेटियों ने जीता स्वर्ण, 15 अगस्त को शहर वापसी पर होगा स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की दो छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन किया है। नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल बैडमिंटन टूनार्मेंट के डबल्स मुकाबले में तराना की विधि शर्मा और उज्जैन की उत्कर्षा पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चीन की टीम को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। खेलो इंडिया के अंतर्गत दिल्ली में हुए चयन के बाद इन दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला था।




#### इंडोनेशिया और मलेशिया को भी दी मात

नेपाल में 7 से 11 अगस्त तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में 25 देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। डबल्स स्पर्धा में विधि और उत्कर्षा ने बेहतरीन खेल कौशल और तालमेल का प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया और सेमीफाइनल में मलेशिया की टीम को पराजित किया। इसके बाद खिताबी मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने चीन की मजबूत टीम को शिकस्त देकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

#### विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय स्तर पर कर चुकी हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन

स्वर्ण पदक विजेता विधि शर्मा विश्वविद्यालय की योग अध्ययनशाला में पीजी डिप्लोमा और उत्कर्षा पाल एमए इन योगा की छात्रा हैं। दोनों प्रारंभ से ही बैडमिंटन में सक्रिय रही हैं और इससे पूर्व भी विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी इस ऐतिहासिक जीत ने उज्जैन के युवा खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है विधि शर्मा के पिता मुकेश शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए इसे पूरे परिवार, उज्जैन और मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया है। यह दोनों चैंपियन खिलाड़ी 15 अगस्त को उज्जैन पहुंचेंगी, जहां खेल प्रेमियों और शहरवासियों द्वारा उनके भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

### देशभक्ति के नारों के साथ भाजपा केशव नगर मंडल ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी केशव नगर मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में सैकड़ों कार्यकताओं, युवाओं और मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। यात्रा का शुभारंभ शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और भारत माता की आरती के साथ हुआ। मार्ग में जगह-जगह क्षेत्रवासियों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सभाएं भी आयोजित की गई। इनमें निगम सभापति कलावती यादव और भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कार्यकताओं व आमजन को संबोधित करते हुए राष्ट्रप्रेम, एकता और देश की अखंडता का संदेश दिया।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा महाराजवाड़ा मंडल ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा महाराजवाड़ा मंडल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि यह यात्रा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, जिला महामंत्री आनंद खींची, कमल बैरवा, मंडल प्रभारी विजय चौधरी, जितेंद्र कृपलानी, कन्हैयालाल चौहान, वरिष्ठ करण सिंह आंजना, सौभाग्य सिंह ठाकुर, दर्शन प्रभारी पंकज मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र पोरवाल, विकास आंजना, प्रदेश मंत्री कार्तिक मिश्रा, मंडल महामंत्री इंदर चौधरी तथा जितेंद्र आंजना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कारगिल और राजौरी में सैनिकों की कलाई पर सजेगी उज्जैन की राखी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उज्जैन से एक बार फिर राष्ट्रभक्ति का संदेश देश की सरहदों तक पहुंचेगा। सीमा पर तैनात जवानों की कलाई पर राखी बांधने के लिए संगिनी समूह की 19 बहनें कारगिल की सीमा चौकी और राजौरी जिले की अछाद पोस्ट जाएंगी। इस पुनीत कार्य में सहभागिता करते हुए मंगलवार को शहर के राष्ट्रवादी समूह 'हम हिंदुस्तानी' ने संगिनी समूह को सैनिकों के लिए राखियां और तिरंगे भेंट किए।

संगिनी समूह की बहनें कारगिल और राजौरी में उन वीर जवानों को भी राखी बांधेंगी, जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश की रक्षा करते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था। सैनिकों के लिए उज्जैन से राखियों के साथ तिरंगे, उपहार और मुंह मीठा कराने के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर का विशेष लड्डू प्रसाद भी ले जाया जा रहा है। समूह की बहनों ने कहा कि सीमा पर पहुंचने वाली प्रत्येक राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि उज्जैन की बहनों की ओर से सैनिकों के प्रति स्नेह, विश्वास और कृतज्ञता का संदेश है।

#### हर वर्ष समाज के सहयोग से चलता है अभियान

संगिनी समूह की अध्यक्ष ममता सांगते ने बताया कि सैनिक भाइयों के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति का यह सिलसिला हर वर्ष समाज के सहयोग से आगे बढ़ाया जाता है। उज्जैन की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं और राष्ट्रप्रेमी नागरिक सैनिकों के लिए सामग्री उपलब्ध कराते हैं, जिसे समूह की बहनें एकत्रित कर जवानों तक पहुंचाती हैं और उनके साथ रक्षाबंधन मनाती हैं।

### विक्रमादित्य विवि के छात्र ने पेश की स्टार्टअप की अनूठी मिसाल

## उज्जैन को मिली अत्याधुनिक अवंती शूटिंग रेंज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में अकादमिक शिक्षा के साथ अब नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति भी परवान चढ़ने लगी है। विश्वविद्यालय के बिजनेस इनक्यूबेशन सेल से प्रेरित होकर बायोटेक्नोलॉजी विभाग के स्नातकोत्तर छात्र और निपुण निशानेबाज राजवर्धन सिंह ने शहर में अत्याधुनिक 'अवंती शूटिंग रेंज' की शुरूआत की है। देवास रोड स्थित गायत्री एन्क्लेव कॉलोनी में इस नई शूटिंग रेंज का भव्य शुभारंभ किया गया, जो खेल और उद्यमिता के संगम का एक अनुकरणीय उदाहरण है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य आयोजक विराज परिहार और राजवर्धन सिंह सहित खेल जगत की कई हस्तियां मौजूद रहीं। आयोजकों के अनुसार, अवंती शूटिंग रेंज को पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां खिलाड़ियों को सटीक और आधुनिक शूटिंग ट्रैक, साई एनआईएस 2026 प्रमाणित अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रोफेशनल कोचिंग और कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच अनुशासित वातावरण मिलेगा। इस रेंज का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

छात्र की इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय ने एक मील का पत्थर बताया है। कुलपति प्रो. अर्पण भारद्वाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थी केवल कक्षा और शोध तक सीमित न रहकर खेल और उद्यमिता में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। बिजनेस इनक्यूबेशन सेल के माध्यम से युवाओं के विचारों को जो मंच दिया जा रहा है, अवंती शूटिंग रेंज उसी नवाचार संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं, कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कि राजवर्धन ने शिक्षा के साथ खेल में जो मुकाम हासिल किया है, वह युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। यह सेंटर उज्जैन की खेल प्रतिभाओं के लिए नई उम्मीद बनकर उभरेगा।

अवंती शूटिंग रेंज के संस्थापक और विश्वविद्यालय के छात्र राजवर्धन सिंह स्वयं एक रिनोव्ड शॉट हैं और वर्ष 2018 से शूटिंग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। वर्तमान में उनके पास साई एनआईएस कोच 2026 की योग्यता है। उन्होंने एसजीएफआई शूटिंग स्टेट्स प्रतियोगिता 2017 में कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा 21वीं मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप 2022 में 10 मीटर पीप साइट एयर राइफल एनआर के अंतर्गत पुरुष टीम, जूनियर पुरुष टीम और यूथ पुरुष टीम, तीनों वर्गों में कांस्य पदक अपने नाम किए। वे 63वीं नेशनल स्कूल गेम्स 2017-18, छठी पश्चिम क्षेत्र शूटिंग चैंपियनशिप 2018, 62वीं व 65वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप, 9वीं पश्चिम क्षेत्र शूटिंग चैंपियनशिप 2022, 25वीं मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप 2022 तथा 0755 इंडिया ओपन प्रतियोगिता 2025 जैसी प्रमुख स्पधाओं में भी हिस्सा ले चुके हैं।

### दुधेश्वर महादेव मंदिर में हरियाली अमावस्या पर लगेगा मेला

उज्जैन। दुधतलाई स्थित अति प्राचीन श्री दुधेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या महापर्व के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भगवान दुधेश्वर महादेव का विशेष पूजन-अर्चन और आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। पर्व के अवसर पर रात 8 बजे महाआरती संपन्न होगी। मंदिर के व्यवस्थापक एवं पुजारी पं. कृष्णकांत जोशी ने बताया कि मंदिर क्षेत्र स्थित कुएं के जल का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि शिशु के जन्म के बाद जिन माताओं को दूध नहीं उतरता, वे यदि इस कुएं के जल से स्नान कर पानी पी लें, तो दूध आना शुरू हो जाता है। इसी आस्था के चलते दूर-दूर से श्रद्धालु माताएं यहां आकर जल ग्रहण करती हैं। मंदिर का पूजन कार्य और देखरेख सनातन परंपरा के अनुसार पुजारी पं. कृष्णकांत जोशी एवं पं. मुरली मनोहर जोशी कर रहे हैं। इससे पूर्व मंदिर की यह व्यवस्था स्व. भूतनाथ योगी और स्व. जगन्नाथजी जोशी द्वारा संभाली जाती थी।

### महाकाल की दूसरी सवारी में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली ने फहराया परचम

## तेज बारिश में भी बालिकाओं ने मराठी वेशभूषा में किया शानदार प्रदर्शन, दिया सनातन धर्म व आत्मनिर्भरता का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की दूसरी सवारी में तेज बारिश के बावजूद चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली ने शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्वेत रंग की पारंपरिक मराठी वेशभूषा में पूजा और उनके साथ शामिल बालिकाओं ने झांझ की थाप पर अपनी भक्ति का अनूठा संदेश दिया। मूसलाधार बारिश भी महाकाल के प्रति इन बालिकाओं की आस्था और उत्साह को कम नहीं कर सकी।

तेलीवाड़ा चौराहा स्थित भेरू महाराज मंदिर की ओर से कई वर्षों से बाबा महाकाल के साथ सवारी में भ्रमण करने वाली इस मंडली ने अपने प्रदर्शन से सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। इस अवसर पर राकेश तिवारी, बंसल, परिहार, राणा सिंह और चैतन्य भैरव मित्र मंडली ने पूजा और सभी बालिकाओं को आशीर्वाद दिया। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संदेश दिया कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली इसी तरह निरंतर आगे बढ़ती रहे।





#### विभिन्न शहरों में जीता प्रथम स्थान, नासिक ढोल में भी लहराया परचम

चैतन्य भैरव मंडली ने केवल उज्जैन ही नहीं बल्कि रतलाम, देवास, इंदौर, राजस्थान के निम्बाहेड़ा, बिछोद, पचोर, शाजापुर, सारंगपुर, मक्सी, उन्हेल, बड़नगर, बदनावर, खाचरौद, खरसौद, घटिया, घोसला, मथुरा, वृंदावन और सीहोर जैसे कई शहरों में भी शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही जय गजानन नारी शक्ति नासिक ढोल पार्टी के माध्यम से भी पूजा ने अन्य कई जगहों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नासिक ढोल वादन में भी अपना परचम लहराया है। झांझ और ढोल वादन के साथ-साथ पूजा कई वर्षों से एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति बाल शारदा व्यायाम शाला समिति का संचालन भी कर रही हैं। इसके माध्यम से वे बालिकाओं को जूडो-कराटे, अखाड़ा और शस्त्र विद्या का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रही हैं। बेटियां केवल गोल रोटी बनाने तक सीमित न रहें, बल्कि वे स्वयं की रक्षा करने में भी पूरी तरह सक्षम बनें।

## विद्यार्थियों ने ली अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आलोक इंटरनेशनल स्कूल (महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट) में नवगठित विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें साक्षी जाट को विद्यार्थी परिषद का प्रेसिडेंट चुना गया। समारोह में परिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विद्यालय के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ ली। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन और भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल थे। अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की, जिसके बाद विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ ने कहा कि सच्चा लीडर वही है जो नेतृत्व मिलने के बाद सभी को साथ लेकर चले, दूसरों को प्रोत्साहित करे और हर कार्य में अपना शत-प्रतिशत दे। संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों को मोबाइल के बढ़ते उपयोग के प्रति सचेत करते हुए सफलता के लिए अपने अमूल्य समय का सदुपयोग अध्ययन में करने की सलाह दी। वहीं, ओम जैन ने विद्यार्थियों को विद्यालय रूपी बगीचे का पुष्प बताते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा और संस्कारों से समाज को नई दिशा दे सकते हैं।

अतिथियों का स्वागत आलोक वशिष्ठ, प्राचार्य यामिनी पाटणकर, एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा और अभिषेक वशिष्ठ ने किया। कार्यक्रम का संचालन युक्ता तोमर और श्वेता हड़तालकर ने किया तथा आभार श्रद्धा तिवारी ने माना। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

धर्मो मातेव पुष्णानि धर्मः पाति पितेव च।
धर्मः सखेव प्रीणाति धर्मः स्निह्यति बन्धुवत्।।

**अर्थः** धर्म हमें एक माँ की तरह मजबूत करता है, एक पिता की तरह हमारी रक्षा करता है, हमें एक दोस्त की तरह खुशी देता है, और एक परिवार के सदस्य की तरह स्नेह देता है।

## खबर एक नजर...

### डेली कॉलेज में आरएसएस कार्यक्रम पर उठे सवाल

**इंदौर।** डेली कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रस्तावित आयोजन को लेकर 1986 बैच के ओल्ड डेलियन और एडवोकेट अजय बागड़िया ने कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गुनमीत बिंद्रा को पत्र भेजा है। उन्होंने संघ के सरसंघचालक को भी पत्र भेजकर कॉलेज परिसर में आयोजन के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। प्राचार्य को भेजे पत्र को इस मुद्दे पर अंतिम संवाद बताया है। उनका कहना है कि डेली कॉलेज की संस्थागत स्वतंत्रता, शासन व्यवस्था और उसकी दीर्घकालीन प्रतिष्ठा से जुड़े गंभीर सवाल पहले भी उठाए गए थे, लेकिन प्रबंधन की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बागड़िया ने पत्र में डेली कॉलेज के अकादमिक कैलेंडर में कथित बदलाव और कॉलेज की ऐसी गतिविधियों से संबद्धता पर सवाल उठाए हैं, जिनसे किसी राजनीतिक या वैचारिक संगठन के प्रति संस्थागत झुकाव की धारणा बन सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान की विश्वसनीयता उसकी राजनीतिक निष्पक्षता और स्वतंत्रता से जुड़ी होती है। सरकारें और राजनीतिक परिस्थितियां बदलती रहती हैं, लेकिन डेली कॉलेज जैसी ऐतिहासिक संस्था को अपनी स्वतंत्र पहचान और संस्थागत मूल्यों को लंबे समय तक बनाए रखना चाहिए।

### 1100 छातों से सजा बाबा रणजीत हनुमान का दरबार

**इंदौर।** लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र रणजीत हनुमान मंदिर में मंगलवार को अलग ही नजारा देखने को मिला। मंदिर परिसर से लेकर बाबा के गर्भगृह तक 1100 छातों से श्रृंगार किया गया। अलग-अलग रंगों के छातों को पूरे मंदिर परिसर में लगाया गया। श्रावण माह में हर मंगलवार को बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाता है। इसी कड़ी में आज भी मंदिर में छातों से मंदिर को सजाया गया। खासबात यह है कि इन 1100 छातों को सरकारी स्कूलों में पढ़ने वालों को बच्चों को वितरित किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि श्रावण माह के हर मंगलवार को मंदिर में सुंदर और आकर्षण श्रृंगार किया जाता है। आज भी मंदिर परिसर में 1100 छातों से श्रृंगार किया गया। पूरे मंदिर परिसर में छाते लगाए गए। परिसर के अंदर से लेकर बाबा के गर्भगृह तक छातों से श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही बाबा के हाथों में भी राम नाम लिखी छत्री दिखाई गई। उन्होंने बताया कि इन छातों को श्रृंगार के बाद सरकारी स्कूलों के बच्चों को वितरित किया जाएगा। पिछले मंगलवार को भी मंदिर में कॉपियों से श्रृंगार किया गया था। इसमें जो कॉपियों का इस्तेमाल किया गया था उन्हें भी सरकारी स्कूलों के बच्चों में वितरित किया गया था।

### ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर कर्मचारी से 1.19 लाख ठगे

**इंदौर।** कनाड़िया इलाके में निजी कंपनी के कर्मचारी से ऑनलाइन कमाई के नाम पर 1.19 लाख रुपए से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले उसे अचानक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा। इसके बाद टास्क पूरा करने और ट्रेडिंग के जरिए कमाई का झांसा देकर अलग-अलग खातों में रुपए जमा करवाए। बाद में रुपए निकालने के लिए और ट्रेडिंग करने की बात कही गई, तब पीड़ित को ठगी का पता चला। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद अनवर बक्श निजी कंपनी में काम करते हैं। 5 अगस्त को उन्हें अचानक वॉट्सऐप ग्रुप ऊऊअउ2-12 में जोड़ा गया। ग्रुप में एक नंबर से मैसेज आया। इसमें भेजने वाली ने अपना नाम काव्या बताते हुए खुद को ग्रुप की ल्फ प्रतिनिधि बताया। उसने कहा कि वे ब्रेन वर्क इंडिया नाम से प्रोग्राम चलाते हैं, जिसमें कमाई के कई मौके दिए जाते हैं। इसके बाद काव्या ने एक टास्क दिया। इसमें 120 रुपए के रेटिंग टास्क पूरे कर उनके स्क्रीनशॉट दिए गए नंबरों पर भेजने को कहा गया। अनवर ने तीन-चार बार टास्क पूरा किया। इसके बाद दूसरे नंबर से उनसे नाम-पता पूछा गया और टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ने की जानकारी ली गई। इसके बाद लिंक भेजकर उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। टेलीग्राम ग्रुप में टास्क के बदले 120 और 240 रुपए देने की बात कही गई। इसके बाद ट्रेडिंग के नाम पर पहले 2 हजार रुपए जमा करने को कहा गया। अमित खुराना नाम के व्यक्ति ने उनसे बात की।

### इंदौर में जर्जर भवन पर चली निगम की जेसीबी

**इंदौर।** नगर निगम द्वारा जर्जर मकानों पर लगातार कार्रवाइयां की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी नगर निगम ने एक जर्जर मकान पर कार्रवाई करते हुए उसे जमींदोज किया। यहां पर एक नया प्रोजेक्ट आ रहा है, जो सांसद निधि से बनना है। ये भवन काफी जर्जर हालत में था और करीब 100 साल पुराना था। हालांकि यहां पर एक चौकीदार की फैमिली रहती थी, मगर नोटिस देकर इसे खाली करा लिया गया था। जिसके बाद आज निगम ने ये कार्रवाई की। नगर निगम का अमला झोन क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 67 में स्थित जयरामपुर कॉलोनी में दलबल के साथ पहुंचा। निगम की जेसीबी से जर्जर भवन को जमींदोज करने की कार्रवाई शुरू की गई। भवन अधिकारी पल्लवी पाल ने बताया कि जयरामपुर कॉलोनी में निगम ने निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के आदेश पर ये कार्रवाई की है। यहां पर रजिस्टर्ड शासकीय नारी शाला का पुराना जर्जर मकान था। जिसे तोड़ा गया है। यहां पर एक नया प्रोजेक्ट आ रहा है, जो सांसद निधि से तैयार होगा। यहां पर चौकीदारी की फैमिली रहती थी, जिन्हें नोटिस देकर जगह खाली करा ली गई थी। फिर ये कार्रवाई की गई।

---

**4 अगस्त को शिवगंगे पहाड़ी पहुंचे थे, लैपटॉप सर्च और निजी रिश्ते से बदली जांच की दिशा**

# पांच दिन से लापता अद्वैत का मोबाइल और ड्रोन मिला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



बेंगलुरु के नेलामंगला स्थित शिवगंगे पहाड़ियों में ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए इंदौर के 31 वर्षीय अद्वैत उपाध्याय की तलाश बुधवार को छठे दिन भी जारी रहेगी। मंगलवार देर शाम अंधेरा होने के कारण 60 घंटे से अधिक चले सर्च ऑपरेशन को रोक दिया गया। नेलामंगला थाना प्रभारी बीआर गोडा के मुताबिक बुधवार सुबह पुलिस, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमें दोबारा पहाड़ी के दुर्गम हिस्सों में सर्च ऑपरेशन शुरू करेंगी।

तलाशी के दौरान पुलिस को शांताला ड्रॉप के पास अद्वैत का मोबाइल और ड्रोन मिला है। इसके अलावा रविवार को प्रतिबंधित शांताला पॉइंट के पास उसका बैग और स्वेटर भी मिला था। इन सामानों के मिलने के बाद पुलिस अब अद्वैत की गतिविधियों की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि अद्वैत का मोबाइल सिर्फ बैटरी खत्म होने के कारण बंद नहीं हुआ था। बंद होने से पहले कुछ समय तक फोन चालू था। ऐसे में पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या फोन किसी दूसरे व्यक्ति के हाथ लगा था। जिस स्थान पर मोबाइल और ड्रोन मिले हैं, वहां अद्वैत के अलावा कोई अन्य व्यक्ति मौजूद था या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। जांच के दौरान पुलिस को एक अन्य पर्यटक द्वारा खींची गई अद्वैत की फोटो भी मिली है। पुलिस इस फोटो के आधार पर उसके पहाड़ी पर पहुंचने और वहां की गतिविधियों की टाइमलाइन तैयार कर रही है।

#### 7 नहीं, 4 अगस्त से पहाड़ी पर आने के संकेत

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक अद्वैत 7 अगस्त को ट्रेकिंग के लिए शिवगंगे पहाड़ी जाने की बात सामने आई थी। हालांकि उसके लैपटॉप की ऑनलाइन सर्च हिस्ट्री और डिजिटल गतिविधियों की जांच में संकेत मिले हैं कि वह 4 अगस्त को भी शिवगंगे पहाड़ी पहुंचा था। पुलिस अब 4 से 7 अगस्त के बीच उसकी गतिविधियों का डिजिटल रिकॉर्ड खंगाल रही है। इसमें यह पता लगाया जा रहा है कि वह पहले कब पहाड़ी पर गया, किन लोगों के संपर्क में था, किन स्थानों पर गया और 7 अगस्त को दोबारा वहां जाने की वजह क्या थी।

#### लैपटॉप की सर्च हिस्ट्री ने बढ़ाई जांच की दिशा

- अद्वैत के लैपटॉप की सर्च हिस्ट्री में शिवगंगे पहाड़ी की ऊंचाई, शांताला ड्रॉप तक पहुंचने के रास्ते और पहाड़ी पर चढ़ने के अलग-अलग रास्तों से जुड़ी जानकारी मिली है। पुलिस के मुताबिक, अकटूल पर पहाड़ी से गिरने के बाद इंसान के जीवित रहने की अवधि और शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव जैसी जानकारी भी सर्च की गई थी।
- इन सर्च के आधार पर पुलिस खुद को नुकसान पहुंचाने की आशंका को भी जांच के एक एंगल के रूप में देख रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि केवल ऑनलाइन सर्च हिस्ट्री के आधार पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। इन जानकारियों का मिलान अन्य डिजिटल और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से किया जा रहा है।

#### सीडीआर से खंगाले जा रहे निजी संपर्क

पुलिस अद्वैत की कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। इसमें 6 और 7 अगस्त को उसकी मंगेतर के अलावा किन-किन लोगों से बातचीत हुई, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में उसके कुछ महिला परिचितों के संपर्क में होने की जानकारी भी सामने आई है। अद्वैत की सगाई दूसरी युवती से हुई थी। पुलिस उसके निजी रिश्तों और संपर्कों की स्थिति को भी जांच का हिस्सा बना रही है। हालांकि फिलहाल पुलिस किसी व्यक्ति को संदिग्ध नहीं मान रही है और न ही किसी विवाद की पुष्टि हुई है। यह केवल जांच की एक संभावित दिशा है।

---

**अनिका के लिए हाई कोर्ट से खुला उम्मीद का रास्ता, सरकार से मदद का रास्ता तलाशने को कहा**

# 9.55 करोड़ का इलाज, 8 करोड़ जुटे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



साढ़े तीन साल की मासूम अनिका की जिंदगी इन दिनों करोड़ों रुपए के इलाज की चुनौती के बीच अटकी हुई है। वह स्पेशल मस्क्यूलर एट्रोफी (एसएमए) टाईप-2 जैसी दुर्लभ बीमारी से जूझ रही है। बीमारी के इलाज के लिए जरूरी इंजेक्शन की कीमत करीब 9.55 करोड़ रुपए है।

इतनी बड़ी रकम जुटाना परिवार के लिए लगभग असंभव था, लेकिन बेटी की जिंदगी बचाने की उम्मीद में परिवार के साथ सामाजिक संस्थाएं और मददगार भी आगे आए। कई महीनों की कोशिशों के बाद करीब 8 करोड़ रुपए की क्राउडफंडिंग जुटाई जा चुकी है।

अब अनिका के इलाज की इस लड़ाई में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच अब उम्मीद की एक नई किरण बनकर सामने आई है। मामले में एडवोकेट चंचल गुप्ता और लखन शर्मा की ओर से दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने अनिका की स्थिति को देखते हुए सरकार से मौजूदा 50 लाख रुपए की सहायता से आगे भी आर्थिक मदद की संभावनाएं तलाशने की अपेक्षा की है।

सुनवाई के दौरान एम्स की ओर से बताया गया कि दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चों के लिए संबंधित योजना के तहत अधिकतम 50 लाख रुपए तक की सहायता उपलब्ध है। केंद्र सरकार इलाज संभव होने की स्थिति में यह सहायता देने को तैयार है लेकिन अनिका के इलाज की अनुमानित लागत करीब 9.55 करोड़ रुपए है। ऐसे में 50 लाख रुपए की सहायता उसके इलाज की पूरी जरूरत के मुकाबले काफी कम है।

कोर्ट ने अगली सुनवाई से पहले उन सभी संस्थाओं का विवरण और उनकी सहमति से जुड़े दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए हैं, जिन्होंने अनिका के इलाज के लिए राशि जुटाई है।

कोर्ट के सामने यह भी स्पष्ट करना होगा कि जिन संस्थाओं के पास क्राउडफंडिंग की रकम है, वे नॉवर्टिस का इनवॉइस जारी होने पर संबंधित राशि एम्स में जमा करने के लिए तैयार हैं या नहीं यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि करीब 8 करोड़ रुपये जुटने के बावजूद इलाज की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए राशि की उपलब्धता और उसके उपयोग की औपचारिकता पूरी होना जरूरी है।

**अब नजर 18 अगस्त की सुनवाई पर-** अनिका के इलाज के लिए अनुमानित 9.55 करोड़ रुपये की जरूरत है। इसमें करीब 8 करोड़ रुपये क्राउडफंडिंग से जुटाए जा चुके हैं, जबकि केंद्र की ओर से संभावित 50 लाख रुपए की सहायता भी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद भी इलाज के लिए शेष रकम की व्यवस्था करना चुनौती बनी हुई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्तको होगी। उस दिन जुटाई गई रकम, संबंधित संस्थाओं की सहमति और इलाज के लिए बची राशि की व्यवस्था पर विचार किया जाएगा।

#### बेटी के लिए लोगों ने खोला मदद का हाथ, जुटे करीब 8 करोड़

अनिका के परिवार की अपील पर विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं और चैरिटी संगठनों के माध्यम से करीब 8 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं। यह रकम फिलहाल संबंधित संस्थाओं के पास है। यानी अनिका के इलाज के लिए उम्मीद की सबसे बड़ी डोर अब भी लोगों की मदद से जुड़ी हुई है। अब यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि यह राशि इलाज के लिए समय पर उपलब्ध हो सके और बाकी रकम की भी व्यवस्था हो जाए।

#### कोर्ट ने कहा इसे असाधारण मामला मानकर रास्ता तलाशे

अनिका की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट ने सरकार से इस मामले को असाधारण मामला मानकर 50 लाख रुपये से अधिक अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की संभावना तलाशने की अपेक्षा की है। कोर्ट ने राज्य सरकार के लिए भी इलाज के लिए आर्थिक सहायता के दूसरे रास्ते तलाशने की गुंजाइश रखी है।

---

# होलकर कॉलेज का पीछे का गेट बंद, विद्यार्थी परेशान

**श्री राजपूत करणी सेना छात्र संगठन ने किया प्रदर्शन**



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

होलकर विज्ञान महाविद्यालय में पीछे का गेट बंद किए जाने से विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई है। गेट बंद होने से विद्यार्थियों को तीन से चार किमी घुमकर आना पड़ रहा है। जिसके विरोध में श्री राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में मंगलवार को प्रदर्शन किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीछे का गेट नियमित रूप से खोलने की मांग की। छात्र संगठन ने कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर बताया कि महाविद्यालय के पीछे बड़ी संख्या में छात्रावास और विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्थाएं हैं। यहां रहने वाले कई विद्यार्थी प्रतिदिन इसी रास्ते से कॉलेज आते-जाते हैं। पीछे का गेट बंद होने के कारण अब विद्यार्थियों को मुख्य मार्ग से होकर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

कॉलेज अध्यक्ष विकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीछे का गेट उनके लिए महज एक वैकल्पिक रास्ता नहीं, बल्कि रोजाना कॉलेज आने-जाने का सुविधाजनक मार्ग है। गेट बंद होने के कारण उन्हें अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे समय की भी बबार्दी हो रही है और विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन से गेट को नियमित रूप से विद्यार्थियों के आवागमन के लिए खोलने की मांग की।

---

**ड्रग्स तस्कर की लिंक निकाल रही क्राइम ब्रांच**

# अलग-अलग तलाश में गई टीमें

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

क्राइम ब्रांच ने 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ जिस आरोपी को गिरफ्तार किया। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में टीम के सामने कई बातें आई हैं। जिसके आधार पर टीम आगे की जांच कर रही है।



हालांकि इस मामले में क्राइम ब्रांच की टीमें अन्य राज्य में भी गई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में और भी नाम सामने आ सकते हैं। दरअसल, क्राइम ब्रांच की टीम ने पिछले दिनों सुपर कॉरिडोर से अयाज हुसैन नामक एक युवक को 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर टीम ने शहनवाज को भी गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी तीन दिन की पुलिस रिमांड पर है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

**दूसरे राज्य की लिंक मिली-** राजेश दंडोतिया एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस मामले में जांच जारी है। दूसरे राज्य की लिंक मिली है। जिस पर टीम काम कर रही है। संभवना है कि राजस्थान की तरफ से ही अयाज इतनी बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स लेकर आया होगा। पूछताछ में कई बातें सामने आई है, जिस पर टीम लगी हैं।

**टीमें बाहर भी गई है-** बताया जा रहा है कि इस मामले में अन्य आरोपियों की लिंक निकालने के लिए क्राइम ब्रांच की टीमें बाहर भी गई हुई है। टीमें वहां रहकर मिली लिंक के आधार पर आगे की इन्वेस्टिगेशन कर रही है। संभावना है कि जल्द ही इस मामले में टीमें और भी लोगों तक पहुंच जाएगी।

---

**इंदौर में क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी, डिटेल लेने बैंक पहुंचे थे; कर्मचारी बनकर कॉल किया**

# प्रॉपर्टी ब्रोकर के खाते से 4.46 लाख निकाले

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मल्हारगंज थाना क्षेत्र में क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेने गए प्रॉपर्टी ब्रोकर को साइबर ठगों ने निशाना बना लिया। बैंक कर्मचारी बनकर कॉल करने वाले आरोपियों ने पहले उसकी निजी जानकारी जुटाई और फिर मोबाइल में एक एप डाउनलोड करवाकर उसे हैक कर दिया।

इसके बाद ठगों ने उसके बैंक खाते से 4 लाख 46 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की, जिसके बाद मल्हारगंज पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक अग्रसेन नगर निवासी अमित धूत प्रॉपर्टी ब्रोकर हैं। करीब 15 दिन पहले वह पलासिया स्थित आईसीआईसीआई बैंक में क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेने पहुंचे थे। वहां एक बैंककर्मी ने उनका मोबाइल नंबर लिया और कुछ दिन बाद बैंक की ओर से कॉल आने की बात कही थी।

**दो नंबरों से आया कॉल, बैंक कर्मचारी बनकर की बात-** अमित ने पुलिस को बताया कि 6 अगस्त को उन्हें दो अलग-अलग अज्ञात नंबरों से कॉल आए। कॉल करने वालों ने खुद को बैंक के क्रेडिट कार्ड डिवीजन का कर्मचारी बताया। बातचीत के दौरान आरोपियों ने पहले जन्मतिथि की जानकारी ली। इसके बाद आधार कार्ड के आखिरी चार अंक मांगे, लेकिन अमित ने उन्हें देने से इनकार कर दिया। ठगों ने इसके बाद अमित से कहा कि उनका सिविल स्कोर काफी अच्छा है और क्रेडिट कार्ड आसानी से बन जाएगा। आरोपियों ने उन्हें व्हाट्सऐप पर बातचीत करने और मोबाइल कैमरे से फोटो लेने के लिए कहा। इसके बाद उन्हें मोबाइल में प्ले स्टोर खोलने को कहा गया।

#### एप डाउनलोड करवाकर मोबाइल किया हैक

प्ले स्टोर पर आरोपियों ने आईसीआईसीआई बैंक के नाम से दिखाई दे रहे एक एप को खोलने और उसमें क्रेडिट कार्ड से संबंधित जानकारी भरने को कहा। अमित ने ठगों के कहने पर एप में मांगी गई जानकारी सबमिट कर दी। इसके बाद आरोपियों ने तीन से चार दिन में क्रेडिट कार्ड पहुंचने की बात कही। 8 अगस्त की रात अमित का मोबाइल अचानक हैक हो गया। उन्होंने मोबाइल को री-स्टार्ट किया तो बैंक खाते से रुपए कटने के लगातार मैसेज आने लगे। ऑनलाइन बैलेंस चेक करने पर पता चला कि खाते से 4 लाख 46 हजार रुपए ट्रांसफर हो चुके हैं।

---

**इंदौर में 6 साल पहले हुए दंपती हत्याकांड में कोर्ट में नहीं बच सका, पोस्टमार्टम से डीएनए तक फंसा आरोपी**

# दो कत्ल, एक साजिश और कई झूठ, बेटी के नाम से छोड़ा झूठा नोट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में 6 साल पहले हुए दंपती अमित-सीमा (परिवर्तित नाम) हत्याकांड में कोर्ट ने हाल ही में आरोपी धनजंय उर्फ शुभांशु यादव को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस चर्चित खौफनाक हत्याकांड ने लोगों को झकझोर दिया था।

दरअसल यह केस सिर्फ दंपती की हत्या तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके पीछे एक ऐसी साजिश थी जिसमें प्रेम, परिवार का विरोध, हत्या के बाद पुलिस को गुमराह करने की कोशिश और सबूत मिटाने की कड़ी एक-दूसरे से जुड़ी थी।

इंदौर के पश्चिम क्षेत्र में दिसंबर 2020 की रात दंपती अमित और सीमा (परिवर्तित नाम) अपने घर में सो रहे थे। परिवार के लिए यह सामान्य रात थी, लेकिन आरोपी धनंजय के लिए




यह पहले से तय योजना को अंजाम देने की रात थी। धनंजय और परिवार की बेटी के बीच संबंध थे। परिवार इन संबंधों के पक्ष में नहीं था। पुलिस की विवेचना में सामने आया कि इसी विरोध को रास्ते से हटाने के लिए दोनों ने मिलकर दंपती की हत्या की साजिश रची गई। आरोपी धनंजय ने तड़के घर में प्रवेश किया धारदार हथियारों से दोनों पर हमला किया गया।

बाद में कहानी को दूसरी दिशा देने के लिए बेटी के नाम से एक नोट भी छोड़ा गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में यह सामने आया कि नोट में लिखी कहानी वास्तविक घटना नहीं थी, बल्कि जांच को दूसरी दिशा में ले जाने के लिए तैयार की गई थी।

कोर्ट में हालांकि पुलिस की पूरी कहानी महज स्वीकारोक्ति के आधार पर नहीं टिकी। पोस्टमॉर्टम, घटनास्थल से मिले रक्त और अन्य भौतिक साक्ष्य, बरामद हथियार, कपड़े, डीएनए रिपोर्ट, च्युइंगम से मिले डीएनए, हथियार पर मिले बाल, गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी से जुड़ी कड़ियां तथा पुलिस गवाहों की गवाही ने अभियोजन के मामले को मजबूत किया। इसी साक्ष्य की कड़ी के आधार जिला कोर्ट ने 6 अगस्त 2026 को धनंजय को दोषी ठहराते हुए दो मामलों में आजीवन कारावास सुनाया। कोर्ट ने अर्थदंड से प्राप्त राशि में से 20 हजार मृतक दंपती के बेटे को मानसिक क्षति के प्रतिकर के रूप में देने का आदेश भी दिया है।

हत्या के बाद भागने की कोशिश

धनंजय की गिरफ्तारी 18 दिसंबर 2020 को सुबह की गई। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसने घटना में इस्तेमाल हथियार और घटना के समय पहने कपड़ों को छिपाने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस उसे गवाहों के साथ सुपर कॉरिडोर के पास खाली मैदान, सर्विस रोड और

#### कैसे रची गई दोहरे हत्याकांड की साजिश

पुलिस की विवेचना में सामने आया कि धनंजय और परिवार की बेटी के बीच प्रेम संबंध थे। परिवार की ओर से इन संबंधों को रोकने का प्रयास किया जा रहा था। इसी वजह से दोनों ने दंपती को रास्ते से हटाने की साजिश रची। 17 दिसंबर 2020 की रात करीब 2 बजे से सुबह 7 बजे के बीच दंपती की हत्या की गई। धनंजय ने धारदार सतूर और हसिए से दोनों पर कई वार किए। घटना के बाद घर को बाहर से बंद किया गया। सुबह परिवार के बेटे ने घर में माता-पिता को खून से लथपथ देखा और पुलिस को सूचना दी।

**बेटी के नाम से छोड़ा ऐसा नोट-** घटनास्थल से एक नोट मिला था। शुरूआत में इसे घटना से जुड़ा महत्वपूर्ण सुराग माना गया। बाद में पूछताछ के दौरान पुलिस के अनुसार यह सामने आया कि नोट में लिखी कहानी वास्तविक नहीं थी। इसका उद्देश्य घटना की दिशा बदलना और सहानुभूति हासिल करना था। बाद में पुलिस ने नोट, उसकी लिखावट और घटनास्थल से मिले अन्य साक्ष्य भी जब्त किए।

40 YEARS OF LEGACY

ipsgroup.in

# IPS ACADEMY
## NORTH CAMPUS
# COLLEGE LEVEL COUNSELLING

Approved by AICTE, New Delhi
Affiliated to DAVV, Indore & Higher Education (M.P.)

**MBA**
• MARKETING • FINANCE • HRM
• BUSINESS ANALYTICS
• INFORMATION TECHNOLOGY
• PRODUCTION & OPERATIONS

**MCA**
• AI & ML• DATA SCIENCE
• CLOUD COMPUTING • IOT
• BLOCK CHAIN & CRYPTO CURRENCY • CYBER SECURITY

**BBA**
**B.Com***
• COMPUTER APPLICATION
• TAX & OTHER AS PER NEP

**BCA**

Contact : 62626-14161

COLLEGE OF LAW
Approved by BCI, New Delhi & Affiliated to DAVV

**BALL.B.** (Hons.) 5 Years Duration • 60 Seats | **LL.B.** (Hons.) 3 Years Duration • 60 Seats

Contact : 62626-04161

Indore-Ujjain Road, Sanwer, Indore.
ipsacademynorthcampus.edu.in

ADMISSIONS OPEN till 14th AUG'26

ies.ipsacademy.org

# INSTITUTE OF ENGINEERING & SCIENCE
A UGC Autonomous Institute • Affiliated to RGPV • NBA Accredited UG Engineering Courses • NAAC Accredited • AICTE Approved

## COLLEGE LEVEL COUNSELLING
Main Campus / Off Campus, Vijay Nagar

| | | |
|---|---|---|
| ONLINE REGISTRATION | 12th to 14th Aug'26 Vacant Seats After Above Counselling | TIME 10:30am to 6:30pm |
| COUNSELLING DATE | 14th Aug'26 | |

LAST CHANCE Few seats available

**B.Tech.**
• Chemical Engg. • Civil Engg. • CSE • CSIT
• CSE (Data Science) • CSE (IoT & Cyber Security including Block Chain Tech.) • CSE (AI & ML)
• CSE (Regional Lang.) • AI & ML • ECE • EEE
• Mechanical Engg. • Fire Tech. & Safety Engg.

**M.Tech.**
• Chemical Engg. • Data Science
• Construction Planning & Mgmt.
• Digital Communication • Robotics
• Power Electronics • Structural Engg.
• Industrial Safety Engg.

Call : 77460-00161, 99779-06161, 0731-4014640

B.Tech / M.Tech for Working Professionals

B.Tech. Lateral Entry

OFF CAMPUS @ VIJAY NAGAR (Exclusive For Computer Science)
Extension of Main Campus Approved as a special recognition by AICTE based on college infra & performance.

B.TECH AI & ML • CS & IT • CSE CE (Computer Engineering) | Call: 99778-46161, 0731-4216011

## ADMISSION Under IPS quota
Date : 14th Aug'26 • Branches : CSE •CSIT •CSEDS •CSEIML •CSEITCS

HISTORIC PACKAGE ₹4 CRORES | HIGHEST PACKAGE ₹52 LACS | HIGHEST PAID INTERNSHIP ₹70,000 PM amazon.in ADI LATHUR (FTSE)

KNOWLEDGE VILLAGE, Rajendra Nagar, AB Road, INDORE. Ph: 99775-11161, 0731-4014863

Antic

स्वदेशी जागरण मंच    स्वावलंबी भारत अभियान    MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, प्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅंगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झूड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |

■ वर्ष-12 अंक-280 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल
मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 12 अगस्त, 2026

### सुभाषितानि

अन्यस्थाने कृतं पापं धर्मस्थाने विमुच्यते।
धर्मस्थाने कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति।।

**भावार्थ** : धर्मस्थान में अन्यत्र किए पापों से मुक्ति मिलती है, लेकिन धर्मस्थान में किए गए पाप बिजली बन जाते हैं।

न क्लेशेन विना द्रव्यं विना द्रव्येण न क्रिया।
क्रियाहीने न धर्मः स्यात् धर्महीने कुतः सुखम्।।

**भावार्थ** : दुख के बिना कोई सार नहीं है, पदार्थ के बिना कोई क्रिया नहीं है, कर्म के बिना धर्म संभव नहीं है; और धर्म के बिना सुख कैसे हो सकता है? (अर्थात् बिना कष्ट के तुम धर्म और सुख को भी नहीं पा सकते।

## डीपीएल २०२६ तमस्य वर्षस्य एकस्मिन् रोमाञ्चकारी-क्रीडायां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

तदनन्तरं प्रसवस्य समये ऋतिकः शोकीनः विशालं शॉट्-प्रयासेन विकेटकीपरेन गृहीतः। द्वितीयविकेटस्य पतनेन सुपर ओवरस्य समाप्तिः अभवत्, ततः डीपीएल २०२६ तमस्य वर्षस्य एकस्मिन् रोमाञ्चकारी-क्रीडायां आउटर-दिल्ली-वॉरियर्स्-क्लबस्य भव्यं विजयं प्राप्तम्। एतया विजयेन आउटर-दिल्ली-वॉरियर्स्-क्लबः न केवलं अंक-सारणीयां महत्त्वपूर्णं अग्रतां प्राप्तवान् अपितु दबावेन भव्य-पुनरागमनस्य क्षमताम् अपि प्रदर्शितवान् इदानीं निकटप्रतिस्पधार्यां नवीदिल्ली टाइगर्स्-क्लबस्य पराजयः अभवत्, यद्यपि कप्तानः हिम्मतसिंहस्य लक्ष्यथरेजा-योः प्रभावशालिनः।

## सम्पादकीयम्

### विश्वासस्य अभावः

एतानि आसनानि जम्मू-कश्मीरे मूलं दापयन्तः शरणार्थीनां कृते आरक्षिताः सन्ति। तेषां प्रतिनिधित्वं दुर्बलं भविष्यति, इस्लामाबादस्य प्रभावः अपि वर्धते इति जनानां भयम् अस्ति। विश्वासस्य अभावः पाकिस्तानदेशः जनचिन्तानां सम्बोधनस्य स्थाने दमनस्य मार्गं चितवान्। संयुक्त अवामी कार्यसमितिः-या सामान्यजनानाम् स्वरः जातः आसीत्-आतङ्कवादविरोधीकायदानानुसारं प्रतिबन्धितसङ्गठनम् इति घोषितम् एतेन क्रोधः अधिकं प्रज्वलितः। जेएएसी-प्रतिबन्धस्य निर्णयः पाकिस्तानस्य बृहत्तमेषु असफलतासु अन्यतमः अस्ति। महङ्गानि, बेरोजगारी, प्रशासनिकदुर्प्रबन्धनम् इत्यादीनां सामान्यजनानाम् प्रभावं जनयन्तः विषयाः सम्बोधयितुं संस्था उत्थिता आसीत्। अद्यत्वे यत् समर्थनं आज्ञापयति तत् स्पष्टतया सूचयति यत्-नगरस्य जनाः पाकिस्तानस्य मुख्यधाराराजनैतिकदलेषु विश्वासं न कुर्वन्ति। भयावह जलडमरूमध्यः - पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरे समये समये विरोधाः उद्भवन्ति। यद्यपि तत्कालीनाः उत्प्रेरकाः भिन्नाः भवितुम् अर्हन्ति तथापि तस्य मूलकारणं पाकिस्तानस्य क्षेत्रस्य प्रति दृष्टिकोणे एव अस्ति। सवेषां प्रचारानाम् अभावेऽपि पाकिस्तानदेशः कदापि क्षेत्रस्य विकासाय प्राथमिकताम् अददात्, स्वजनानाम् आक्रोशान् वा न सम्बोधितवान्।

#### नियुक्तिप्रतीक्षमाणाः शिक्षकाभ्यर्थिनः तृणं खादन्ति

# केरल सचिवालयस्य बहिः विरोधः ३४ तमे दिने प्रवेशं करोति, क्रोधं प्रकटितवन्तः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिरुवनंतपुरम

केरलदेशे निम्नप्राथमिकविद्यालयस्य शिक्षकपदार्थं चयनितैः पदधारकैः नियुक्तिविलम्बस्य विरुद्धं प्रचलति आन्दोलनं शीर्षकं गृहीतवान् यदा आन्दोलनकारिणः राज्यसचिवालयस्य बहिः तृणं खादित्वा स्वस्य असहमतिं पञ्जीकृतवन्तः। केरललोकसेवाआयोगस्य रैङ्कसूचौ सूचीकृताः अभ्यर्थिनः नियुक्तिआदेशनिर्गमनस्य आग्रहं कुर्वन्तः ३४ दिवसान् यावत् विरोधं कुर्वन्ति। सर्वकारस्य ठोसकार्याणि न कृत्वा कुण्ठिताः अभ्यर्थिनः एतस्य अद्वितीयस्य विरोधस्य रूपेण स्वस्य क्रोधं प्रकटितवन्तः।

शनिवासरे विरोधिनः अभ्यर्थिनः सचिवालयस्य बहिः पङ्क्तिबद्धरूपेण उपविष्टाः दृश्यन्ते स्म। पुरतः कागदपत्रेषु तृणस्य कटकानि स्थापयित्वा ते सर्वकारस्य विरोधार्थं तृणानि खादितवन्तः। लोकसेवाआयोगस्य परीक्षायां सफलतया निष्कासनं कृत्वा अपि श्रेणीसूचौ स्थानं प्राप्तवन्तः अपि ते नियुक्ति-आदेशस्य प्रतीक्षां कुर्वन्ति इति आन्दोलनकारिणः वदन्ति। तेषां आग्रहः अस्ति यत सर्वकारः तेषां माङ्गल्याः विषये गम्भीरतापूर्वकं विचारं न करोति।

विरोधं कुर्वतां अभ्यर्थीनां मते तेषां आन्दोलनं ३४ दिवसान् यावत् प्रचलति। अस्मिन् काले तेषां माङ्गल्याः प्रति सर्वकारस्य ध्यानं आकर्षयितुं विविधाः पद्धतयः स्वीकृताः, तथापि नियुक्तिसम्बद्धः स्पष्टः निर्णयः अद्यावधि न उद्धृतः तृणभक्षणस्य क्रिया अस्याः कुण्ठायाः प्रतीकम् आसीत्। योग्यतां प्राप्य अपि ते सर्वकाराद् आश्वासनं विना अन्यत् किमपि न प्राप्य कायार्णां प्रतीक्षां कुर्वन्तः अवशिष्टाः इति आन्दोलनकारिणः वदन्ति।



विरोधे भागं गृहीत्वा एकः अभ्यर्थी एकां समाचारसंस्थायाः समीपे अवदत् यत् ते निम्नप्राथमिकविद्यालयस्य शिक्षकपदस्य पदधारकाः सन्ति, ते च ३४ दिवसान् यावत् विरोधं कुर्वन्ति। सः अवदत् यत् अद्यावधि सर्वकाराद् सकारात्मकवार्ता न प्राप्ता। आन्दोलनकारिणः मते नियुक्ति-आदेशान् निर्गन्तुं सर्वकारेण मासद्वयं याचितम् अस्ति। एतान् आदेशान् निर्गन्तुं सर्वकारेण मासद्वयं किमर्थं आवश्यकं इति सः प्रश्नं कृतवान्।

अभ्यर्थी अपि अवदत् यत् यदा ते स्वमागधान् दबावितुं विविधरीत्या विरोधं कुर्वन्ति तदा तेषां कृते सर्वकारेण कोऽपि प्रतिक्रिया न प्राप्यते। तेषां आन्दोलनस्य अवहेलना कृत्वा तेभ्यः दूरं स्थापयति इति तेषां आरोपः अस्ति। आन्दोलनकारिणः वदन्ति यत् ते चिरकालात् नियुक्तेः प्रतीक्षां कुर्वन्ति, तथापि तेषां विषयः निरन्तरविरोधानाम् अभावेऽपि अनवधानः एव अस्ति। केरललोकसेवाआयोगेन प्रासंगिका श्रेणीसूची गतवर्षस्य मेमासस्य ३१ दिनाङ्के प्रकाशिता। सूचीयां अभ्यर्थिनः वदन्ति यत् चयनप्रक्रियायां सफलतां प्राप्य नियुक्तिः अपेक्षिता आसीत्, परन्तु नियुक्तिआदेशनिर्गमने निरन्तरं विलम्बस्य कारणेन तेषां चिन्ता वर्धमाना अस्ति। अनेकानाम् अभ्यर्थीनां कृते एषः विषयः प्रत्यक्षतया तेषां रोजगारस्य भविष्यस्य च सह सम्बद्धः अस्ति। नियुक्तिविलम्बस्य कारणानि विषये स्पष्टसूचनाः सर्वकारेण प्रदातव्या इति अपि आन्दोलनकारिणः आग्रहं कृतवन्तः। तेषां मतं यत् यदि प्रशासनिकं वा कानूनी वा बाधाः सन्ति तर्हि सर्वकारेण अभ्यर्थीनां विषये स्पष्टतया सूचयितव्यम्; अपितु केवलं प्रतीक्षां कर्तुं कथ्यन्ते। अत एव आन्दोलनं निरन्तरं कर्षति। तावत् प्रकरणस्य अन्यः पक्षः प्रकाशं प्राप्तवान्। गतमासे केरलपुलिसः विशेषानुसन्धानदलस्य गठनं कृत्वा कथितानां अनियमितानां अन्वेषणं कर्तुं निर्णयं कृतवान्।

#### अस्मिन् वर्षे अमेरिकादेशस्य

## टेक्सास्-नगरे स्वस्य नूतने अर्धचालक निर्माणसंस्थाने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

बाजारविशेषज्ञाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् सैमसंगस्य वर्धमानसफलता एआइक्षेत्रे निवेशं कुर्वतां प्रमुखवैश्विकप्रौद्योगिकीकम्पनीनां माङ्गलेषु मेमोरीचिप्मूल्यानां माङ्गल्यां च बहुधा निर्भरं जातम्। यदि एआइ आधारभूतसंरचनायां निवेशः सुदृढः एव तिष्ठति तर्हि कम्पनी राजस्वस्य अधिकं वृद्धिं द्रष्टुं शक्नोति।

सैमसंग इत्यनेन अपि स्वस्य फाउण्ड्री-व्यापारस्य सकारात्मकदृष्टिकोणस्य संकेतः दत्तः अस्ति। कम्पनी फाउण्ड्रीक्षेत्रे आसन्नसुधारस्य पूर्वानुमानं करोति, यत् उत्पादनक्षमतायाः उत्तमप्रयोगेन, चिप्मूल्यानां वर्धनेन च चालितम् अस्ति। अस्मिन् वर्षे अमेरिकादेशस्य टेक्सास्-नगरे स्वस्य नूतने अर्धचालकनिर्माणसंस्थाने उत्पादनं आरभ्यतुं सज्जा अस्ति। अपि च, २०३० तमवर्षपर्यन्तं अन्यस्य अत्याधुनिकनिर्माणसंयंत्रस्य स्थापनायाः योजना प्रचलति ।विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एआइ, क्लाउड् कम्प्यूटिङ्ग, उच्चप्रदर्शनसर्वर, डाटा सेण्ट इत्यादीनां द्रुतविस्तारेण वैश्विकचिप् उद्योगः नूतनायां दिशि प्रेषितः अस्ति फलतः विश्वव्यापी प्रमुखाः चिप्-कम्पनयः उत्पादनक्षमतां वर्धयितुं प्रयतन्ते; तथापि माङ्गलिका एतावता तीव्रा अस्ति यत् आगामिषु कतिपयेषु वर्षेषु आपूर्तिपक्षस्य दबावः स्थास्यति इति संभावना वर्तते।

सैमसंग इत्यस्य एषा चेतावनी तस्मिन् समये आगता यदा सम्पूर्णे विश्वे एआइ प्रौद्योगिक्यां निवेशः निरन्तरं वर्धमानः अस्ति। कम्पनी अनुमानयति यत् यदि एषा गतिः निरन्तरं भवति तर्हि अर्धचालक-उद्योगः आगामिषु वर्षद्वयेषु त्रयः यावत् एतादृशस्य अवधिस्य सामनां करिष्यति यत् चुनौतीपूर्णं अपि च अपूर्व-अवकाशैः परिपूर्णं च भवति।

### राशिफल

**मेष** : आज सेल्फ केयर भी जरूरी है। आज का आपका दिन दिलचस्प रहने वाला है। अपनी बुद्धि से हर मौके को अनलॉक करें।

**वृषभ** : बातचीत में, खासतौर पर रिश्तों में और कार्यस्थल पर धैर्य विकसित करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**मिथुन** : पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों क्षेत्रों में विकास के कई अवसर हैं। सकारात्मक मानसिकता से अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** : पर्सनल ग्रोथ की अपनी खोज में अपनी ख्वाहिशों के साथ अपनी भावना को संतुलित करना याद रखें।

**सिंह** : आज दिन खुद की खोज करने और अपने रिश्तों को मजबूत करने की संभावनाओं से भरपूर है। सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए

**कन्या** : अपने प्रेमी के साथ समय बिताते हुए फीलिंग्स शेयर करें। नौकरी में उत्पादक और इनोवेटिव बनें।

**तुला** : आज अवसरों और अप्रत्याशित चुनौतियों दोनों से भरे दिन का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** : प्रेम जीवन से अहंकार को दूर रखें। आप दोनों को एक साथ अधिक समय बिताना चाहिए।

**धनु** : आज लव लाइफ में रोमांटिक बने रहें और बिना किसी बाधा के फीलिंग्स को शेयर करें।

**मकर** : आज का दिन थोड़ा रिस्की साबित हो सकता है। करियर और प्यार में नए रास्ते सामने आ सकते हैं।

**कुंभ** : प्रेम जीवन को बरकरार रखने के लिए तैयार रहें। व्यावसायिक जीवन मिश्रित स्थिति वाला है।

**मीन** : आज पूरे दिन रोमांटिक बने रहें। आपकी पेशेवर कमिटमेंट आपके करियर के विकास में मदद करेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# सिंह राशि में बनेगा बुधादित्य राजयोग, इन 5 राशियों को मिल सकती है बड़ी सफलता

22 अगस्त को बुध के सिंह राशि में प्रवेश करते ही सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य राजयोग बनेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस योग से 5 राशियों को करियर, कारोबार और आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है।

वैदिक ज्योतिष में सूर्य और बुध की युति को विशेष महत्व दिया जाता है। जब ये दोनों ग्रह एक ही राशि में आ जाते हैं तो बुधादित्य राजयोग का निर्माण होता है। इस बार 22 अगस्त 2026 को बुध कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे, जहां सूर्य पहले से मौजूद रहेंगे। ऐसे में दोनों ग्रहों की युति से बुधादित्य राजयोग बनेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, बुध बुद्धि, वाणी, तर्क, व्यापार और संचार के कारक हैं, जबकि सूर्य आत्मविश्वास, नेतृत्व और प्रतिष्ठा से जुड़े माने जाते हैं। इसलिए इन दोनों ग्रहों का संयोग कई क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इसके शुभ प्रभाव देखने को मिलेंग।

**मेष राशि–** मेष राशि के जातकों के लिए बुधादित्य राजयोग करियर के लिहाज से नए अवसर लेकर आ सकता है। कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा और काम करने के तरीके की सराहना हो सकती है। नौकरी बदलने की तैयारी कर रहे लोगों को कोई बेहतर विकल्प मिल सकता है। व्यापारियों को नई डील या पुराने ग्राहक से दोबारा काम मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ कमाई के नए रास्ते खुल सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में ध्यान केंद्रित करना आसान रहेगा। रिश्तों में भी बातचीत के जरिए गलतफहमियां दूर हो सकती हैं। हालांकि, कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले सभी पहलुओं पर विचार करना आपके लिए बेहतर रहेगा।



**मिथुन राशि–** मिथुन राशि वालों के लिए यह योग वाणी और संचार क्षमता को मजबूत कर सकता है। ऑफिस में मीटिंग, प्रेजेंटेशन या बातचीत से जुड़े कामों में आपको फायदा मिल सकता है। नई जिम्मेदारी मिलने के साथ करियर में आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। व्यापार में मार्केटिंग, डिजिटल प्लेटफॉर्म या पुराने संपर्कों के जरिए लाभ मिलने के योग हैं। अतिरिक्त आय का कोई नया माध्यम शुरू करने की योजना सफल हो सकती है। विद्यार्थियों को इंटरव्यू और स्किल टेस्ट में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कामों में भी प्रगति संभव है। बस किसी को प्रभावित करने के चक्कर में जरूरत से ज्यादा वादे करने से बचें।

**सिंह राशि–** बुधादित्य राजयोग का निर्माण सिंह राशि में ही होने वाला है, इसलिए इस राशि के जातकों के लिए यह समय विशेष महत्वपूर्ण रह सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यक्षेत्र में नेतृत्व करने के अवसर मिल सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारी आपके विचारों और फैसलों को महत्व दे सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति या नई जिम्मेदारी के संकेत हैं। कारोबारियों को किसी बड़े ग्राहक या प्रोजेक्ट से लाभ मिल सकता है। आपकी ब्रांड और सामाजिक पहचान मजबूत हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहने के बावजूद खर्च और बचत के बीच संतुलन बनाकर चलना जरूरी होगा। विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण परीक्षा या प्रोजेक्ट में सफलता मिल सकती है। रिश्तों में भी सकारात्मक बदलाव आएगा और पार्टनर के साथ भविष्य को लेकर कोई महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है। हालांकि, अहंकार या अपनी बात मनवाने की जिद से बचना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**तुला राशि–** तुला राशि वालों के लिए बुधादित्य राजयोग कार्यक्षेत्र में नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है। कोई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आपकी पहचान को मजबूत कर सकता है। बॉस या वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबे समय से चली आ रही बातचीत का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। व्यापार में किसी बड़ी कंपनी या प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क बनने की संभावना है। ऑनलाइन और विदेश से जुड़े कामों में भी लाभ मिल सकता है। आर्थिक मामलों में कोई पुराना विवाद या अटका हुआ पैसा सुलझ सकता है। क्रिएटिव और रिसर्च से जुड़े विद्यार्थियों को नए विचार मिलेंगे। प्रेम संबंधों में आपसी दूरी कम होगी और पार्टनर के साथ भविष्य की योजनाओं पर बातचीत हो सकती है। इस दौरान अपनी निजी योजनाओं को हर व्यक्ति के साथ साझा करने से बचना समझदारी होगी।

**धनु राशि–** धनु राशि के जातकों के लिए बुधादित्य राजयोग भाग्य और करियर दोनों के लिहाज से अनुकूल रह सकता है। लंबे समय से अटके कामों में गति आएगी और नौकरी में नई जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार करने वालों को कारोबार विस्तार या नई साझेदारी से लाभ मिल सकता है। आय बढ़ाने के अवसर मिलेंगे, लेकिन किसी भी निवेश में जल्दबाजी न करें और पूरी जानकारी जुटाने के बाद ही फैसला लें। उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए समय सकारात्मक रह सकता है। विदेश में पढ़ाई या नौकरी की कोशिश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिलने की संभावना है। प्रेम संबंधों में स्थिरता आएगी और जीवनसाथी के साथ कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। परिवार में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धार्मिक या लंबी यात्रा का योग भी बन सकता है।

#### 13, 15 और 17 सितंबर को नई दिल्ली में सभी मुकाबले; बांग्लादेश सीरीज संकट में

# भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी-20 मैच खेले जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 सीरीज की तारीखों को कन्फर्म किया है। मुकाबले 13, 15 और 17 सितंबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाएंगे।

बोर्ड ने 10 अगस्त को भेजे लेटर में कहा कि बीसीसीआई ने तारीखों पर सहमति दी है। इस सीरीज के साथ ही भारत के बांग्लादेश दौरा की संभावना लगभग खत्म हो गई है।

**पहली बार अफगानिस्तान भारत की मेजबानी करेगा–** सीरीज को लेकर बीसीसीआई या अफगानिस्तान बोर्ड से कन्फर्मेशन आना बाकी है। यह पहली बार होगा कि अफगानिस्तान बाइलेटरल सीरीज में आधिकारिक तौर पर भारत की मेजबानी करेगा। बोर्ड ने मीडिया राइट्स होल्डर्स से अपनी एडवांस प्लानिंग, शेड्यूलिंग, प्रोडक्शन अरेंजमेंट, प्रमोशनल एक्टिविटीज और दूसरी तैयारियां शुरू करने को कहा है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत के साथ 6 मैचों के लिए 1 से 13 सितंबर की तारीखें तय की थी। इनमें 3 टी-20 और 3 वनडे मैच खेले जाने थे। बोर्ड प्रेसिडेंट तमीम इकबाल ने कहा था कि हमने सरकार से कहा है कि भारत से बात करे। तमीम ने विदेश मंत्रालय जाकर सुरक्षा की गारंटी मांगी थी। हालांकि बांग्लादेश सरकार या इउउककी ओर से इसपर कोई स्टेटमेंट नहीं आया। अब अफगानिस्तान सीरीज का कम से कम एक मैच इस विंडो से टकरा रहा है।

### बांग्लादेश सीरीज को 3 पॉइंट्स में समझे

- **सीरीज 2024 में होनी थीः** दौरा पहले 2024 में होना था। इसी दौरान बांग्लादेश में सरकार विरोधी आंदोलन हुआ और सरकार बदली। फिर भारत–बांग्लादेश के बीच तनाव की स्थिति बनी। इसकी वजह से सीरीज टाल दिया गया था। अब सीरीज सितंबर 2026 में कराने की बात चल रही है। हालांकि भारत की तरफ से हरी झंडी नहीं मिली है।
- **सुरक्षा बड़ा इश्यूः** तमीम इकबाल ने बांग्लादेश की विदेश राज्य मंत्री शामा ओबैद इस्लाम से मुलाकात की। उन्होंने सरकार से कहा है कि वे भारत सरकार से बात करें। उन्होंने भरोसा दिलाने को कहा कि बांग्लादेश में टीम इंडिया पूरी तरह सुरक्षित रहेगी।
- **हालात सुधरते दिखने पर सीरीज संभवः** हाल ही में भारत ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को भारत में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन का न्योता दिया। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बातचीत भी हुई। इसके बाद सीरीज होने की संभावना बढ़ गई थी।
- **गणेश चतुर्थी पर मैच कराने की बात चल रही–** क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान बोर्ड ने 14 सितंबर यानी गणेश चतुर्थी के दिन मैच कराने का प्रस्ताव भेजा है। बोर्ड ने इउउकसे पूछा है कि क्या पहला या दूसरा मैच 14 सितंबर को किया जा सकता है। इससे सीरीज को त्योहार से जोड़ा जा सकेगा।

## मेसी ने फुटबॉल से ब्रेक लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मियाद

लियोनेल मेसी ने पिता की मौत के बाद फुटबॉल से दूरी बना ली है। उन्होंने अनिश्चितकाल के लिए खेल से ब्रेक लिया है। वे अमेरिका के मेजर सॉकर लीग में इंटर मियामी क्लब के लिए खेलते हैं।

मेसी ने अर्जेंटीना में अपने परिवार के साथ रहने का फैसला किया है। मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का 7 अगस्त को 68 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। कई रिपोर्ट्स ने इस घटना को मेसी के संन्यास से जोड़ा है। हालांकि ऐसे कोई संकेत नहीं है कि वे संन्यास लेने या हमेशा के लिए फुटबॉल से दूर होने की सोच रहे हो। मियामी ने उनकी वापसी की समयसीमा इसलिए तय नहीं की है, ताकि मेसी को पर्याप्त समय मिल सके। मेसी या इंटर मियामी ने इस बारे में कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है।

## फुटबॉलर रोनाल्डो ने गर्लफ्रेंड जॉर्जिना से शादी की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल में अपनी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्ज से शादी कर ली है। दोनों की शादी को लेकर कई सालों से अटकलें चल रही थीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने मंगलवार को सिविल मैरिज (कोर्ट मैरिज) की है। दोनों 2016 में मैड्रिड में मिले थे और तब से साथ हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी अंगूठियां दिखाते हुए एक फोटो भी शेयर की। इन दोनों के साथ में चार बच्चे हैं।

रोनाल्डो और जॉर्जिना ने आज से ठीक एक साल पहले 12 अगस्त 2025 को सगाई की थी। उस वक्त जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एंगेजमेंट रिंग की फोटो शेयर की थी और कैप्शन में लिखा था, 'हां मैं आपसे प्यार करती हूं। इस जिंदगी और आने वाली हर जिंदगी में।' रोनाल्डो और जॉर्जिना 10 साल (2016) से डेट कर रहे हैं। दोनों ने 2017 की शुरूआत में अपने रिश्ते की पुष्टि की थी और ज्यूरिख में फीफा फुटबॉल अवाड्र्स में पहली बार एक साथ दिखाई दिए थे। रोनाल्डो हाल ही में फीफा विश्व कप 2026 में पुर्तगाल की टीम के लिए खेले थे। उनकी टीम जुलाई में राउंड ऑफ 16 में स्पेन से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। स्पेन ने 1-0 की जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले से पहले रोनाल्डो ने घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी फीफा विश्व कप होगा।



## खबर एक नजर...

### स्ट्रीट डॉग ने काटा मजदूर के हाथ का अंगूठा

**उज्जैन।** हाटकेश्वर कालोनी में निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी करने वाला बबलू पिता हीरालाल मंगलवार सुबह अपनी झोपड़ी में बैठा था उसी दौरान स्ट्रीट डॉग अंदर आ गया। मजदूर बबलू ने उसे भगाने का प्रयास किया तभी स्ट्रीट डॉग ने उसके हाथ का अंगूठा मुंह में दबा लिया। बबलू हाथ छुड़ा पाता उससे पहले स्ट्रीट डॉग ने उसका अंगूठा दांतों से काट लिया था। गहरा जख्म होने पर बबलू को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टर जितेन्द्र शर्मा द्वारा जख्मी अंगूठे का परीक्षण कर रैबिज वैक्सीन का डोज लगवाया और उपचार के लिये भर्ती किया। मजदूर के साथ हुई घटना के कुछ देर बाद ही हाटकेश्वर कालोनी के रहने वाले मांगीलाल पिता रामचंद्र खत्री 55 साल पर स्ट्रीट डॉग ने हमला किया और हाथ पर काट लिया। मांगीलाल गिर पड़े थे, जिससे उनके दूसरे हाथ में कलाई में फैक्चर हो गया। परिजन उन्हे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मांगीलाल खत्री ने बताया कि वह पोते को स्कूल बस में बैठाकर वापस घर लौट रहे थे, उसी दौरान स्ट्रीट डॉग ने हमला किया। मांगीलाल खत्री को भी डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है।

### ट्रेन में मिली बालिका को जीआरपी ने परिजनों को सौंपा

**उज्जैन।** अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस में 9 अगस्त को स्लीपर कोच में 17 साल की बालिका अकेली यात्रा कर रही थी। ट्रेन में सवार यात्री ने बालिका से पूछताछ की तो उसने घर से बिना बताये आना बताया। यात्री ने बालिका की सूचना रेलवे पुलिस को दी। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने बालिका का सुरक्षित दस्तयाब किया। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने आरपीएफ महिला आरक्षक सुरेखा, निकिता चौबे और जीआरपी महिला आरक्षक शिल्पा के माध्यम से बालिका की जानकारी जुटाई। बालिका ने बताया कि वह कक्षा 11 वीं की छात्रा है और ब्यूटी पार्लर में काम करती है। माता-पिता के बीच विवाद होने पर वह नाराज होकर घर से बिना बताये स्टेशन पहुंची थी, पहली ट्रेन मिलने पर उसमें सवार हो गई थी। थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि बालिका झारखंड के धनबाद की रहने वाली थी। उसके परिजनों से संपर्क किया, जो झारखंड से सीधी उज्जैन की ट्रेन नहीं होने पर ग्वालियर पहुंचे और वहां से 2 दिन बाद मंगलवार को उज्जैन आये। पिता ने बताया कि वह आटो चलाने का काम करते है। बालिका के लापता होने पर उसकी तलाश की जा रही थी। स्थानीय पुलिस को भी लापता होने पर अवगत कराया था। जीआरपी थाना प्रभारी ने परिजनों को समझाईश दी और बालिका को सकुशल उनके सुपुर्द किया।

### मालीपुरा सब्जी मंडी में रात 12 बजे कारों की भिड़ंत

**उज्जैन।** मालीपुरा से दौलतगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर लगने वाली सब्जी मंडी में रात 12 बजे 2 कारों की भिड़ंत हो गई। एक कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसके चालक को चोंट लगी। देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि क्षतिग्रस्त कार के घायल चालक ओम पिता भगवानसिंह भदौरिया निवासी पुलिस लाइन की शिकायत पर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। शिकायत दर्ज कराने के बाद घायल कार चालक उपचार के लिये चला गया था, जो पुलिसकर्मी होना बताया जा रहा है। उपचार के बाद उसके बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### रिमझिम बारिश के बीच तापमान में 2.7 डिग्री का अंतर

**उज्जैन।** रविवार रात से शुरू हुई बारिश के बाद मंगलवार को दिनभर रिमझिम का दौर बना रहा। 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलती रही। इस बीच दिन-रात के तापमान में 2.7 डिग्री का अंतर रह गया। शासकीय वेधशाला पर अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सोमवार-मंगलवार रात न्यूनतम 22.8 डिग्री रहा था। वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि तापमान में आई गिरावट के साथ ही सुबह की आर्द्रता 91 और शाम की 95 प्रतिशत रही। अब तक 583 मिलीमीटर बारिश दर्ज हो चुकी है। तेज बारिश के लिये शहरवासियों को इंतजार करना पड़ सकता है।

### उधार दिये रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम उपडी राव में रहने वाले गब्बर पिता मानसिंह बागरी ने कुछ माह पहले गांव में रहने वाले परिचित को कुछ माह पहले रुपए उधार दिये थे। सोमवार को गब्बर ने उधार दिये रुपए लौटाने के लिये कहा तो परिचित ने ग्राम के तालाब के पास गब्बर और उसके अंकल राजेश बागरी के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। मामले में कायथा पुलिस ने गब्बर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ जाति सूचक शब्द करने पर एसटी/एससी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

### 121 वैदिक ब्राह्मणों ने किया महारुद्राभिषेक

**उज्जैन।** श्रावण माह के सोम प्रदोष पर्व पर श्री रणकेश्वर धाम मंदिर में 121 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा भव्य महारुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इस दिव्य अनुष्ठान के अंतर्गत 1331 रुद्र पाठ के माध्यम से महादेव का सहस्त्रधारा से सतत अभिषेक किया गया। पूजन के दौरान भगवान शिव को विशेष रूप से 144 प्रकार की विभिन्न सामग्री अर्पित की गई। रुद्राभिषेक के उपरांत सभी यजमानों ने पारंपरिक वेशभूषा में पंच कुंडी महायज्ञ में शामिल होकर पूर्णाहुति दी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 459-8 | 227-1 |
| मेन बाजार | 458-7 | 500-5 |
| मिलन डे | 357-5 | 699-4 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 348-5 |

3 7 9

---

#### 17 अगस्त को 24 घंटे खुले रहेंगे नागचंद्रेश्वर के पट

# नागपंचमी के साथ श्रावण सोमवार के योग में लाखों श्रद्धालु जुटेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सोमवार 17 अगस्त को नागपंचमी के साथ श्रावण माह में निकलने वाली बाबा महाकाल की तीसरी सवारी को दोहरा संयोग बन रहा है। इस दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के धार्मिक नगरी में आने पर मंगलवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में महाकाल लोक त्रिनेत्र कक्ष में सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर मिटिंग आयोजित की गई।

महाकाल मंदिर के शिखर पर बने भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट वर्ष में एक बार नागपंचमी पर 24 घंटे के लिये खोले जाते है। इस बार 17 अगस्त को नागपंचमी के साथ श्रावण माह के तीसरे सोमवार को अद्भुत संयोग भी बना है। इस दिन बाबा महाकाल की तीसरी सवारी निकाली जायेगी। एक ही दिन आस्था के 2 बड़े संयोग बनने पर धार्मिक नगरी में लाखों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान प्रशासन द्वारा लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था और सभी को सुविधापूर्वक भगवान नागचंद्रेश्वर और बाबा महाकाल के दर्शन हो सके इसको लेकर त्रिनेत्र कक्ष में मीटिंग आयोजित की गई। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई मीटिंग के दौरान एसपी प्रदीप शर्मा, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और महंत विनीत गिरि सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। भगवान श्री नागचंद्रेश्वर के पट 16 अगस्त रात 12 बजे खुलेंगे और 17 अगस्त रात 12 बजे तक लगातार दर्शन होंगे। रात 11:30 बजे महंत पंचायती महानिवार्णी अखाड़ा द्वारा प्रथम पूजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे शासकीय पूजन होगा। मंदिर के पुजारी-पुरोहित द्वारा पूजन किया जाएगा।



### सुगम दर्शन, भीड़ नियंत्रण पर फोकस

कलेक्टर ने कहा कि भीड़ अधिक होगी, इसलिए सुगम दर्शन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पूरे मंदिर परिसर और बाहरी क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई होगी। मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश और मोबाइल लॉकर्स लगाए जाएंगे। प्रमुख मार्गों पर पानी के टैंकर, नाद और बोतल की व्यवस्था की जायेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगर निगम को निरंतर जल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश। कर्कराज पार्किंग, भील समाज, नृसिंह घाट, हरसिद्धि, बड़ा गणेश सहित 10 स्थानों पर डॉक्टर एंबुलेंस के साथ तैनात होंगे। निःशक्त और बुजुर्गों के लिए मंदिर समिति द्वारा जूता स्टैंड और प्राथमिक उपचार केंद्र के पास व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यहां कोटवारों की शिफ्टवार ड्यूटी रहेगी। भील समाज धर्मशाला और झालरिया मठ के पास अस्थायी जूता स्टैंड रहेगा। संचालन मंदिर समिति करेगी। पर्व के दौरान कार्यपालिक दंडाधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

### इन स्थानों पर होगी पार्किंग

नागपंचमी पर देशभर से श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेगें। जिसके चलते वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मेघदूत पार्किंग, हरिफाटक पुल के पास, कर्कराज महादेव मंदिर पार्किंग कार्तिक मेला ग्राउंड धन उपार्जन केंद्र बड़नगर रोड पर श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्क कराया जायेगा।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के विशेष इंतजाम

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए हरसिद्धि पाल, भील समाज धर्मशाला, कर्कराज पार्किंग पर अस्थायी लड्डू काउंटर, भारत स्काउट-गाइड द्वारा 6 केंद्र कर्कराज पार्किंग, भील समाज, चारधाम पार्किंग, हरसिद्धि चौराहा, बड़ा गणेश, प्री-पेड बूथ तिराहा पर रहेंगे। नगर निगम द्वारा 6 अस्थायी फायर स्टेशन हरसिद्धि चौराहा, नृसिंह घाट, भील समाज, कर्कराज, त्रिवेणी संग्रहालय और महालोक कंट्रोल रूम पर रहेंगे। लोक निर्माण और विद्युत विभाग मंदिर की आंतरिक विद्युत सुरक्षा का निरीक्षण कर प्रमाण-पत्र देंगे।

#### दोस्तों के साथ महाकाल दर्शन की थी योजना

## रात 2 बजे क्षिप्रा नदी से निकाला युवक का शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इलेक्ट्रिक दुकान पर काम करने वाला युवक चार दोस्तों के साथ रात डेढ़ बजे क्षिप्रा नदी नहाने पहुंचा था। जलस्तर बढ़ा होने पर वह डूब गया। होमगार्ड सैनिक और तैराक दल की मदद से आधे घंटे बाद उसका शव नदी से बाहर निकाला गया। दोस्तों ने बताया कि रात में क्षिप्रा नहान के बाद महाकाल दर्शन करने वाले थे।

महाकाल थाना एएसआई श्रवण कुमार ने बताया कि रात में रामघाट स्थित क्षिप्रा नदी में एक युवक के डूबने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। युवक की तलाश में होमगार्ड सैनिक और तैराक दल के सदस्यों ने सर्चिंग शुरू कर दी थी। करीब आधे घंटे बाद युवक का शव बाहर निकाला गया। वह चार दोस्तों के साथ क्षिप्रा नदी पर नहान करने आया था। दोस्तों ने बताया कि डूबा युवक जय पिता राजू सिसौदिया 20 साल निवासी कालापत्थर नानाखेड़ा का रहने वाला है। दोस्तों ने बताया कि जय नानाखेड़ा इलेक्ट्रिक दुकान पर काम करता था, पिता पेंटरी करते है। रात में क्षिप्रा स्नान के बाद सभी दोस्त तड़के महाकाल मंदिर दर्शन के लिये जाने वाले थे। एएसआई के अनुसार दोस्तों के बयान दर्ज कर मंगलवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। बताया जा रहा था कि जय को तैराना नहीं आता था, क्षिप्रा का जलस्तर बढ़ा होने के बाद भी वह सबसे पहले अकेला ही पानी में उतर गया था, पैर फिसलने पर गहराई में चला गया था। परिजनों ने बताया कि जय चार बहनों का एकलौता भाई था। उन्हे दोस्तों पर संदेह था, लेकिन घटनाक्रम स्वयं डूबने का सामने आया।



## हेमलता सूर्यवंशी को राष्ट्रपति भवन से बुलावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिप्रा नदी में डूब रही 14 साल की बच्ची को अपनी जान की परवाह किए बिना बचाने वाली उज्जैन की हेमलता सूर्यवंशी को उनकी बहादुरी के लिए राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले एट होम रिसेप्शन में आमंत्रित किया गया है। 15 अगस्त 2026 को होने वाले इस कार्यक्रम में हेमलता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ डिनर करेंगी। खास बात यह है कि जिस समय हेमलता ने बच्ची को डूबने से बचाया, उस समय उन्हें खुद तैरना नहीं आता था।

## उज्जैन की विधि-उत्कर्षा ने जीता गोल्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की दो छात्राओं विधि शर्मा और उत्कर्षा पाल ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के नाम स्वर्ण पदक किया है। नेपाल में 7 से 11 अगस्त तक आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के डबल्स मुकाबले में दोनों ने फाइनल में चीन की टीम को शिकस्त देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

तराना निवासी विधि शर्मा, जो योग अध्ययनशाला में पीजी डिप्लोमा की छात्रा हैं, और उज्जैन की उत्कर्षा पाल, एमए इन योगा की छात्रा हैं। दोनों का चयन खेलो इंडिया के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। टूर्नामेंट में उन्होंने शुरूआत से ही मजबूत तालमेल और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया और सेमीफाइनल में मलेशिया की टीम को हराया। इसके बाद फाइनल में चीन की जोड़ी को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।



## महिला ने कमरे का दरवाजा बंदकर लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद दोपहर में घर लौटी महिला ने दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। परिजनों ने दरवाजा नहीं खुलने पर तोड़ा, महिला फंदे पर लटकी हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि दोपहर में शिव मंदिर के पीछे पंवासा में रहने वाली काजल पति सोनू राठौर 28 साल द्वारा घर में दरवाजा बंद कर फांसी लगाने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। परिजनों ने बताया कि काजल दोपहर में अपने दो बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थी, जहां से लौटकर कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर तोड़ा गया तो काजल फंदे पर लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम किया। शाम को पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि काजल की शादी वर्ष 2015 में हुई थी। पति मजदूरी करता है। उसका मायके भी पंवासा क्षेत्र में है। काजल के भाईयों और पति ने बताया कि काजल पर ऊपरी हवा का साया था। पूर्व में भी फांसी लगाने का प्रयास कर चुकी थी। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल फांसी लगाने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से रिकवरी करेगी निजी एजेंसी

**उज्जैन।** शहर में यातायात नियम तोड़कर ई-चालान की राशि नहीं जमा कराने वाले वाहन चालकों से राशि वसूली के लिए अब उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड निजी एजेंसी को जिम्मेदारी देने जा रही है। अगस्त माह से यह नई व्यवस्था शुरू हो सकती है। अब बकाया राशि नहीं चुकाने वालों के घर सीधे एजेंसी के कर्मचारी दस्तक देंगे और चालान जमा करने का आग्रह करेंगे।

## कुत्तों के हमले में दो लोग घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में मंगलवार सुबह हाटकेश्वर कॉलोनी में आवारा कुत्ते ने अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों पर हमला कर दिया। हमले में एक बुजुर्ग के हाथ-पैर और शरीर पर गंभीर जख्म आए हैं, जबकि दूसरे युवक के हाथ का अंगूठा कुत्ते ने चबा लिया।

घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। मांगीलाल खत्री को पांच टांके लगाने पड़े, जबकि बबलू की हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। घटना शांति पैलेस के पीछे स्थित हाटकेश्वर कॉलोनी की है। लगातार हो रहे कुत्तों के हमलों से कॉलोनी के रहवासियों में दहशत और आक्रोश है। रहवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों के झुंड घूमते हैं और नगर निगम में कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। हाटकेश्वर कॉलोनी निवासी मांगीलाल खत्री मंगलवार सुबह अपने पोता-पोती को स्कूल छोड़ने गए थे। बच्चों को सुरक्षित स्कूल छोड़ने के बाद वे पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक आवारा कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया।

## छात्र ने छात्र पर किया नुकीले पेन से हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संत मीरा कांवेंट स्कूल में मंगलवार सुबह छात्र ने छात्र पर नुकीले पेन से हमला कर दिया। छात्र गंभीर घायल हुआ है। घटनाक्रम कक्षा में होना सामने आया, जिसके चलते अन्य छात्रों में दहशत फैल गई थी।

खाराकुआं थाना एएसआई अजय माथुर ने बताया कि चरक अस्पताल से दोपहर में खबर मिली थी कि व्यायामशाला की गली में स्थित संत मीरा कांवेंट स्कूल की कक्षा 9वीं में अध्ययन करने वाले छात्र दुर्गेश पिता छोटेलाल बागवान 16 साल को घायल हालत में उपचार के लिये लाया गया है। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और जानकारी प्राप्त की। घायल छात्र ने बताया कि उस पर नुकीले पेन से कक्षा में पढने वाले हमउम्र छात्र ने हमला किया है। उससे पूर्व में कहासुनी हुई थी। घटना क्लासरू में उस वक्त हुई जब लंच टाईम हुआ था और शिक्षक मौजूद नहीं थे। एएसआई माथुर के अनुसार हमला करने वाले छात्र की जानकारी स्कूल प्राचार्य से मांगी गई है। घायल छात्र के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।




## रेलवे ने बदला निर्णय, पूर्ववत प्लेटफार्म पर आएंगी ट्रेनें



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा उज्जैन स्टेशन पर 4 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन किया गया था जिसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, 11 अगस्त 2026 से प्रस्तावित प्लेटफॉर्म परिवर्तन लागू नहीं किया जाएगा तथा सभी ट्रेनों का संचालन उज्जैन स्टेशन पर पूर्ववत निर्धारित प्लेटफॉर्मों से ही किया जाएगा।

## गिरफ्त में आये चोरी का सामान बेचने निकले आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सात दिन पहले हुई चोरी की वारदात के बाद 3 आरोपी आभूषण बेचने की फिराक में निकले थे। मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस ने हिरासत में लिया तो उनकी निशानदेही पर आभूषण और घरेलू सामान बरामद हो गया। आरोपी ने एक नाबालिग शामिल है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि 3 अगस्त को ग्रेसिम की एक्स व्हाय झेड कालोनी में रहने वाले अनिल कुमार पिता धमनाप्रसाद प्रजापत 54 साल ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अप्रैल माह में स्वास्थ्य खराब होने पर जनसेवा अस्पताल गये थे, जहां से डॉक्टरों ने उन्हे रैफर कर दिया था। वह उपचार के लिये लखनऊ गये हुये थे। जहां से 3 माह बाद वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा मिला। बदमाशों ने उनके घर से सोने की अंगुठी, चांदी की पायल, गैस टंकी, कुलर और अन्य घरेलू सामान चोरी किया है। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(ए) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। बदमाशों का पता लगाने के लिये एएसआई भुरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक गणेश पाल, महेश परमाल, दिनेश मुनिया, श्रद्धा परिहार, अफरोज बी की टीम गठित की गई। कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किये गये। सोमवार देर शाम मुखबीर से सूचना मिली कि 3 युवक आभूषण बेचने की फिराक में घूम रहे है। शंका के आधार पर तीनों की धरपकड़ के लिये घेराबंदी की गई और शासकीय शौचालय के पास से तीनों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से कुछ आभूषण मिलने पर पूछताछ के लिये थाने लाया गया। जहां उनके नाम गजानंद उर्फ गज्जु पिता हितेन्द्र साहनी 25 साल, अभिषेक पिता जनार्दनकेवट 21 साल निवासी सी ब्लाक टापरी बिरलाग्राम सामने आये। उनका तीसरा साथी नाबालिग था। तीनों से सख्त पूछताछ करने पर उन्होने सात दिन पहले रात के समय महिनों से सूने पड़े मकान चोरी करना कबूल कर लिया। मामले का खुलासा होने पर उनकी निशानदेही पर सोने की अंगुठी, चाँदी की पायल, गैस टंकी, 2 कूकर, तांबे का लोटा और अन्य घरेलू सामान कीमत 80 हजार का बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार गजानंद और अभिषेक को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। नाबालिग आरोपी को वैधानिक कार्यवाही के बाद नोटिस पर रिहा किया गया है।



#### चार दिन पहले भानेज की चुराई थी ट्राली, ट्रेक्टर भी किया बरामद

# चाकू के साथ गिरफ्त में आया आरोपी निकला चोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चाकू लेकर घूम रहे बदमाश को पुलिस ने हिरासत में लिया तो उसने पूछताछ में ट्राली चोरी करना भी कबूल कर लिया। ट्राली उसके भानेज की थी, जिसका प्रकरण 7 अगस्त को दर्ज किया गया था।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि वाकणकर ब्रिज के पास चाकू लेकर घूम रहे बदमाश की सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे और आरक्षक लोकेश प्रजापत को धरपकड़ के लिये रवाना किया गया था। ब्रिज के पास से गणेश पिता नारायण माली 45 साल निवासी ग्राम जैथल थाना घट्टिया को हिरासत में लिया गया और चाकू बरामद किया गया। आरोपी को थाने लाकर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया और अपराधिक रिकार्ड देखा गया तो पूर्व में भी 2 अपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आये। आरोपी से अन्य अपराधों के संबंध में पूछताछ शुरू की गई तो उसने 6-7 अगस्त की रात सांवराखेड़ी स्थित खेत से ट्राली चोरी करना कबूल किया और बताया कि खुद का ट्रेक्टर लेकर गया था और ट्राली चोरी की थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की ट्राली कच्चा मसान क्षेत्र से जब्त कर चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर बरामद किया। मंगलवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां आर्म्स एक्ट और चोरी के मामले में जेल भेजा गया है।



### ट्राली मालिक का मामा लगाता है आरोपी

प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे ने बताया कि ट्राली चोरी की शिकायत अर्पित माली निवासी जयसिंहपुरा द्वारा दर्ज कराई गई और बताया था कि उसने खेत पर ट्राली खड़ी की थी, 7 अगस्त की सुबह खेत जाने पर ट्राली गायब मिली थी। चाकू के साथ गिरफ्त में आये आरोपी से ट्राली चोरी का खुलासा होने पर अर्पित माली थाने पहुंचा था, उसने आरोपी को अपने मामा के रूप में पहचान लिया। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसका भानेज से पुराना विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते उसने भानेज की ट्रॉली चोरी की थी।

### मादक पदार्थ के आरोपी को भेजा इंदौर जेल

नशे के खिलाफ जारी अभियान में नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपी जितेन्द्र उर्फ मोडा पिता रामभरोसे मोर्य निवासी हाटकेश्वर कालोनी के खिलाफ पीट एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि आरोपी सालभर की पैरोल पर था, लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाई जा रही थी। जिसके चलते आयुक्त महोदय के आदेश पर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुये गिरफ्तार कर इंदौर केन्द्रीय जेल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में कई मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण दर्ज है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com